प्राचीन हिन्दी-पत्र संग्रह

संपादक

धीरेन्द्र वर्मा :: लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय

प्रकाशक

इलाहाबाद यूनीवर्सिटी

१९५९ ई०

प्रकाशक
इलाहाबाद यूनीवर्सिटी

पृष्ठ: २५२
प्रथम संस्करण
१९५९ ई०

मुद्रक
पी० एल० यादव
इंडियन प्रेस, प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद

विषय-सूची

भूमिका

प्रस्तुत संग्रह में संकलित पत्रों, इक़रारनामों आदि का संबंध भारतीय इतिहास के उस काल से है जब कि भारतीय राजनीतिक जीवन अनियमित और अराजकतापूर्ण हो गया था और तत्कालीन परिस्थिति से लाभ उठाकर एक विदेशी सत्ता अपने को स्थापित करने में संलग्न थी। यह सत्ता ब्रिटिश सत्ता थी। इस विदेशी सत्ता की स्थापना से भारतीय इतिहास ने अनेक दृष्टिकोणों से नए मोड़ लिए। भारतीय शक्तियों में से उस समय मराठों की शक्ति सर्वोपरि थी। शिवाजी की मृत्यु (१६८० ई०) के पश्चात् मराठों की शक्ति का उत्कर्ष अवश्य हुआ, किन्तु उनमें पारस्परिक वैमनस्य और कलह की निरंतर वृद्धि होती गई, और फलतः उनकी शक्ति बिखरती गई। तो भी उन्होंने मुग़ल-साम्राज्य का विध्वंस करने में बड़ा भाग लिया और औरंगजेब (मृ० १७०७ ई०) के बाद देश के राजनीतिक जीवन में अपना प्रमुख स्थान बना लिया। वास्तव में पेशवा-पद के उदय (बालाजी विश्वनाथ, १७१४–२० ई०) के बाद मराठा शक्ति का पुनरुत्थान हुआ और महाराष्ट्र में शांति और सुव्यवस्था की स्थापना हुई। मराठों की शक्ति का यह पुनर्संगठन १७१४ ई० और १७२० ई० के बीच हुआ था। दिल्ली के मुगल सम्राट् नाममात्र के सम्राट् रह गए थे। षड्यन्त्रों, प्रतारणाओं और विद्रोहों की धधकती हुई ज्वाला से मुग़ल-साम्राज्य झुलस गया था। चारों ओर प्रतिद्वन्द्वी दल स्वार्थ सिद्धि में लीन थे। १७४८ ई० में मुहम्मदशाह की मृत्यु अठारहवीं शताब्दी के इतिहास की एक प्रमुख घटना है, क्योंकि उसके बाद फिर अराजकता और अव्यवस्था उत्पन्न करनेवाली शक्तियों का दिन-पर-दिन ज़ोर बढ़ता गया। मुहम्मदशाह के राजत्व-काल में ही मराठों की शक्ति फिर से बढ़ी थी। पेशवा बाजीराव (प्रथम) (१७२१-१७४० ई०) ने बुन्देलखण्ड और सूबा 'हिन्दुस्तान' को हस्तगत कर दिल्ली के मुगल-सम्राट् से 'चौथ' वसूल की थी। उसकी मृत्यु (१७४० ई०) से एक वर्ष पूर्व अँगरेज़ों ने उसके साथ एक संधि स्थापित की थी जिसके अन्तर्गत उन्हें कुछ व्यापार-संबंधी अधिकार प्राप्त हुए थे। बाजीराव के तीन पुत्र थे—बालाजी (१७४०-६१ ई०), राघोबा और, एक मुसलमान स्त्री से उत्पन्न पुत्र, शमशेर बहादुर। शमशेर बहादुर को पेशवा ने बुन्देलखण्ड दिया और शमशेर बहादुर के उत्तराधिकारी ने अपने को बांदा का नवाब घोषित किया। १७५८ ई० तक मराठा राज्य की सीमाएँ लाहौर और मुलतान तक फैल गई थीं। राज्य का यह विस्तार राघोबा के सैनिक नेतृत्व के अन्तर्गत हुआ था। किन्तु शीघ्र ही उन्हें पानीपत (१७६१ ई०) के मैदान में अहमदशाह अब्दाली द्वारा परास्त होना पड़ा। वास्तव में मराठे उत्तरी भारत की मैदानी लड़ाइयों के अभ्यस्त न थे। इस पराजय के फलस्वरूप उनकी राजनीतिक, आर्थिक तथा नैतिक स्थिति को भारी धक्का पहुँचा। केन्द्रीय

मराठा-संघ टूट गया और उसके स्थान पर पाँच छोटे-छोटे मराठा-राज्यों की स्थापना हुई---ग्वालियर में सिंधिया, इन्दौर में होल्कर, बड़ौदा में गायकवाड़, नागपुर में भोंसले और पूना में पेशवा।

परन्तु इतने पर भी मराठों की शक्ति अभी बिल्कुल क्षीण नहीं हुई थी। मालवा, राजपूताना, रुहेलखण्ड तथा दिल्ली पर उनके आक्रमण जारी रहे। मराठों में पेशवा माधवराव प्रथम (१७६१-१७७२ ई०) अत्यन्त कुशल और बुद्धिमान् शासक था। उसने अपने काका राघोबा की महत्त्वाकांक्षाओं को कुण्ठित करने में सफलता प्राप्त की। किन्तु माधवराव की मृत्यु के बाद एक ओर तो मराठों में पारस्परिक कलह की वृद्धि हुई, और दूसरी ओर, निजाम की बढ़ती हुई शक्ति ने उनके लिए एक नया संकट उत्पन्न कर दिया। अँगरेज़ भी भारतीय सत्ताओं के पारस्परिक झगड़ों से लाभ उठाने के अभ्यस्त हो गए थे। उन्होंने इस अवसर से भरपूर लाभ उठाने की चेष्टा की। शीघ्र ही राघोबा और अँगरेज़ों के बीच सूरत की संधि (१७७५ ई०) स्थापित हो गई। इस संधि के फलस्वरूप, आगे चलकर अच्छे परिणाम दृष्टिगोचर न हुए और उनकी अंतिम परिणति प्रथम मराठा-युद्ध (१७७५-८२ ई०) (जिसे कभी-कभी दो कालों में बाँट दिया जाता है---प्रथम मराठा-युद्ध १७७५-१७७९ ई० और द्वितीय मराठा-युद्ध १७७९-१७८२ ई०) में हुई और भारतीय राजनीतिक जीवन में तीव्र गति से होने वाले परिवर्तनों के साथ-साथ अँगरेज़ों और मराठों के पारस्परिक संबंध भी परिवर्तित होते गए। इस बीच में फ्रांसीसियों ने नाना फड़नवीस (१७७४-१८०० ई०) से एक गुप्त समझौता कर लिया था जिसके फलस्वरूप अँगरेजों द्वारा अधिकृत दक्षिण-पश्चिम भारत के भूमि-भागों के लिए संकट बढ़ गया। पूना की सरकार के विरुद्ध राघोबा की ओर से अँगरेजों ने युद्ध आरंभ कर दिया। परंतु वारगाँव (बड़गाँव, १७७८ ई०) की लड़ाई में अँगरेज़ों की अच्छी पराजय हुई। वारेन हेस्टिंग्ज (१७७२-१७८५ ई०) द्वारा भेजी गई सेना को भी पराजित होना पड़ा। इस पर अँगरेजों ने भेद-नीति से काम लिया और महादाजी सिंधिया (१७३०-१७९४ ई०) को अपनी ओर मिला लिया और नागपुर के भोंसले को रक्षा करने का आश्वासन दिया। अंत में नाना फड़नवीस को भी संधि की शर्तें मानने के लिए विवश होना पड़ा। महादाजी सिंधिया या माधवराव की मृत्यु के उपरान्त बम्बई सरकार द्वारा अधिकृत भूमि-भाग पर से मराठों को हमेशा के लिए अधिकार छोड़ देना पड़ा। राघोबा ने तो पूर्णरूपेण अँगरेज़ों का प्रभुत्व स्वीकार कर लिया था। तत्पश्चात् जब हैदरअली (ज० लगभग १७२८-१७८२ ई०) ने अँगरेजों के विरुद्ध संगठन करना प्रारंभ कर दिया तो निजाम और मराठों ने अँगरेज़ों के सम्मुख संधि-प्रस्ताव प्रस्तुत करने की सोची। इन बातों का अन्त १७८२ ई० की सालबाई की संधि में हुआ। इस संधि से अँगरेज़ों को कोई विशेष लाभ तो नहीं हुआ, किन्तु उनकी भेद-नीति को फलने-फूलने का अवसर अवश्य प्राप्त हुआ। इस संधि के अनुसार उन्होंने माधवराव द्वितीय (मृ० १७९५ ई०) को पेशवा मान लिया। १७८२ ई० में हैदरअली की

मृत्यु हो जाने पर उसके पुत्र टीपू (१७८२-१७९९ ई०) ने अँगरेज़ों के साथ अपना संघर्ष जारी रखा। अँगरेज़ों ने भी स्वरक्षा की दृष्टि से निजाम और पेशवा के साथ तरह-तरह की संधियाँ स्थापित कीं। १७९९ ई० में श्रीरंगपट्टम की संधि द्वारा अँगरेज़ों ने टीपू पर पूर्ण विजय प्राप्त की।

१७९५ ई० मे पेशवा माधवराव द्वितीय की मृत्यु के बाद मराठों की पारस्परिक फूट और कलह निरन्तर बढती गई और वे आपस में लड़ने लगे। १८०० ई० मे नाना फड़नवीस का भी देहावसान हो गया। इतिहास-लेखकों के मतानुसार उसकी मृत्यु के बाद मराठो मे कूटनीति और दूरदर्शिता का अभाव पाया जाता है। पूना पर अँगरेजों का प्रभुत्व स्थापित हो जाने पर १८०२ ई० मे पेशवा ने बेसीन के संधि-पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। इस संधि से पेशवा की स्वतंत्र सत्ता का बहुत-कुछ अपहरण हो गया। बेसीन की संधि से अन्य मराठा-सत्ताधारियों मे आक्रोश की भावना उत्पन्न हुई। दौलतराव सिंधिया (१७९४-१८२७ ई०, महादाजी सिंधिया का पौत्र) और बरार (नागपुर) के रघुजी भोंसले (१७८८-१८१६ ई०) ने मिल कर अँगरेजो से मोर्चा लेने की ठानी। किन्तु १८०३ ई० मे वेलेजली (१७९८-१८०५ ई०) ने उनकी शक्ति तोड़ देने का सफल प्रयास किया (तृतीय मराठा युद्ध, १८०२-१८०५ ई०)। १८०५ ई० तक यशवन्तराव होल्कर (१७९५-१८११ ई०) की सैनिक शक्ति कमजोर पड़ गई थी और उसे भी अन्त मे अँगरेजों से संधि करनी पड़ी। सिंधिया, भोंसले और होल्कर की शक्ति क्षीण हो जाने का प्रभाव तत्कालीन समस्त भारतीय राजनीतिक गतिविधि पर पड़ा जिसके फलस्वरूप अँगरेज़ों को उड़ीसा से लेकर बम्बई तथा राजस्थान तक के भूमि-भाग पर अधिकार प्राप्त हो गया। मराठा संघ-शक्ति अब अन्तिम साँस ले रही थी। कुछ समय तक अँगरेज़ों और पेशवा के संबंध अच्छे रहे। किन्तु लॉर्ड हेस्टिग्ज (१८१३-१८२३ ई०) के समय में अँगरेज़ों और पेशवा का फिर संघर्ष हुआ, क्योंकि पेशवा अँगरेजो के साथ स्थापित संधि से संतुष्ट नही था। फलतः मराठों और अँगरेज़ों के बीच फिर युद्ध के काले बादल मँडराए (चतुर्थ मराठा-युद्ध, १८१७-१८१९ ई०)। हेस्टिग्ज ने १८१७ ई० मे पेशवा और दौलतराव सिंधिया को संधि-पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए विवश कर दिया। कुछ वर्षों के अनन्तर मराठों की बची-खुची शक्ति का भी अपहरण हो गया। अस्तु, अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दियों में अन्तिम महान् राजनीतिक शक्ति, मराठा-शक्ति, पर पूर्ण विजय प्राप्त करने में अँगरेज सफल हुए। मराठों में पारस्परिक फूट और कलह पैदा हो गई थी। वे नवीन रण-नीति मे भी बहुत अधिक कुशल न थे। ऐसी परिस्थिति मे अँगरेजों ने अपनी स्वार्थपूर्ण नीति से प्रेरित होकर तथा कुशल कूटनीतिज्ञता और सामरिक शक्ति के आधार पर उन पर विजय प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। यह क्रम १८२० ई० के लगभग तक पूर्ण हो गया था।

मराठो और अँगरेज़ों के राजनीतिक संबंध के साथ-साथ पिंडारियों का उल्लेख करना भी आवश्यक है। पिंडारियों का संबंध किसी विशेष जाति या धर्म से नही था,

यद्यपि पिंडारियों को दक्षिण भारत की एक पठान जाति माना जाता है। उनका आविर्भाव मुग़ल-साम्राज्य के अंतिम दिनों की अराजकतापूर्ण परिस्थितियों के कारण हुआ था। वे वीर लड़ाके थे। साधारण जन उनसे आतंकित रहते थे। उनका कार्य-क्षेत्र बुन्देलखण्ड, मध्य भारत, मालवा, राजस्थान और उत्तरी भारत का कुछ भाग था। अँगरेजों का विरोध करते समय मराठों ने पिंडारियों को अँगरेजी राज्य की सीमाओं पर छापा मारने के लिए उत्साहित ही नहीं किया, वरन् उन्हें अपनी सेनाओं में भी नौकरियाँ दीं। अमीर खाँ, करीम खाँ और चीतू तीन प्रमुख पिंडारी सरदार थे। अमीर खाँ जसवन्तराव होल्कर, और करीम खाँ तथा चीतू दौलतराव सिंधिया के यहाँ उच्च सैनिक पदों पर कार्य कर चुके थे। १८०८-९ ई० में गुजरात में और १८१२ ई० में मिर्ज़ापुर और शाहबाद नामक कंपनी के इलाकों पर उन्होंने आक्रमण किया था। १८१२ ई० में पिंडारी लोग बुन्देलखण्ड में भी घुस आए थे। एक शेख़ बादल नामक पिंडारी का उल्लेख प्रस्तुत पत्रों में भी हुआ है। इसलिए अँगरेज़ों ने उन्हें दबाना आवश्यक समझा। मराठों से संधि करते समय वे प्रायः एक यह शर्त रखते थे कि मराठे, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, पिंडारियों के साथ किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखेंगे। साथ ही अपनी सैनिक शक्ति द्वारा वे पिंडारियों का अस्तित्व मिटा डालना चाहते थे। मराठों की शक्ति समाप्त होने के लगभग साथ-ही-साथ लॉर्ड हेस्टिंग्ज़ ने पिंडारियों को बिल्कुल दबा दिया।

मराठों और अँगरेज़ों के जिस राजनीतिक संघर्ष, और मराठों के जिस अंतिम पतन का ऊपर उल्लेख किया गया है, प्रस्तुत संकलन में उपलब्ध सामग्री का कुछ अन्य प्रकार के विषयों के अतिरिक्त, उससे और उस संघर्ष-काल से अप्रत्यक्ष रूप से सम्बन्ध है। अप्रत्यक्ष रूप से इसलिए, क्योंकि इस सामग्री का संबंध मराठों और अँगरेज़ों के संघर्ष से सीधे न होकर, उसके उस प्रभाव से है जो ज़मींदारों, जागीरदारों, क़िलेदारों आदि पर पड़ा और जिसके फलस्वरूप उन्हें अपने राज-नीतिक संबंधों को फिर से नवीन रूप देना पड़ा। ऊपर की विजयों, या पराजयों, या पारस्परिक संधियों, या समझौतों का छोटे-छोटे सत्ताधारियों पर प्रभाव पड़ना और अनेक स्थानीय परिवर्तन होना अवश्यंभावी था। जिस काल से प्रस्तुत सामग्री का संबंध है (१७९३-१८१४ ई०) उस समय उत्तर-भारत में अँगरेज़ी राज्य की सीमा के दक्षिण-पश्चिम में सम्बलपुर, पटना, सिरगुजा और सिंहभूमि समूह की रियासतें थीं (जिनको सामूहिक रूप में 'इक्कीस महाल' कहा जाता था)। १८०३ ई० में रघुजी भोंसले के साथ की गई संधि के अनुसार सम्बलपुर और पटना समूह की रियासतें अँगरेजों के अधीन हो गई थीं। १८०६ ई० में, रायगढ़ को (जो सम्बलपुर रियासत के अन्तर्गत था) छोड़कर, सभी रियासतें मराठों को लौटा दी गई थीं। १८१८ ई० में अँगरेजों ने फिर उन पर अधिकार प्राप्त कर लिया और १८२६ ई० की संधि के अनुसार वे अँगरेजी राज्य में बिल्कुल मिला ली गईं। अँगरेज़ों ने १८२१ ई० में इन रियासतों के राजाओं और जागीरदारों को सनदें दीं। अँगरेज़ी

सरकार ने प्रारंभ से ही कोई निश्चित नियम निर्धारित नहीं किए थे। फलतः राजाओं और जागीरदारों में अपनी-अपनी स्थिति के संबंध में अनेक भ्रम और सन्देह उत्पन्न हो जाते थे। स्पष्ट है अन्तिम निर्णय अँगरेज़ों के हाथ में रहता था। वे अपने दृष्टिकोण के अनुसार फ़ैसला करते थे। कभी वे परम्परागत संधियों, समझौतों और उत्तराधिकार-नियमों का पालन करना उचित समझते थे, तो कभी मनमानी करना। सिरगुजा समूह की रियासतों पर १८१७ ई० में अँगरेज़ों ने अपना प्रभुत्व स्थापित किया था। लेकिन १८१८ ई० में पारस्परिक फूट और कलह के कारण वहाँ अशांति उत्पन्न हुई और अगरेज़ों को वहाँ अपना एक सुपरिंटेंडेंट रखना पड़ा। सिंहभूमि समूह की रियासतों पर मराठों का प्रभुत्व कभी नहीं रहा। १८१८ ई० में राजा घनश्याम सिंह ने स्वतंत्र रूप से अँगरेज़ों के साथ मित्रता स्थापित कर ली। किन्तु १८५७ ई० के विद्रोह में सिंहभूमि के शासकों द्वारा भाग लिए जाने के कारण अँगरेज़ों ने उसे ज़ब्त कर लिया।

इस संग्रह में नागपुर और उसके आस-पास के भूमि-भाग का भी उल्लेख है। नागपुर का इतिहास रघुजी भोंसले के उस उदय-काल से संबद्ध है जब कि उन्होंने नमदा और गोदावरी के मध्य से लेकर पूर्व म समुद्र तक अपने राज्य की सीमा का विस्तार कर लिया था। आगे चलकर जब माधोजी ने अँगरेज़ों के विरुद्ध मराठों, निज़ाम और हैदरअली का साथ देना चाहा तो अँगरेज़ों ने १७८१ ई० मे उनके साथ संधि स्थापित कर ली। माधोजी की मृत्यु १७८८ ई० में हो जाने के उपरान्त श्रीरंगपट्टम की सधि एक महान् ऐतिहासिक घटना थी। आथर वेलेज़ली ने अहमदनगर के क़िले पर अधिकार प्राप्त कर असाई की लड़ाई में सिंधिया और भोंसले की संयुक्त सेना को पराजित किया। अरगाँव के युद्ध में भोंसले को फिर मुँह की खानी पड़ी। उनकी पराजय का क्रम असई, बरहानपुर और गवीलगढ़ में पूर्ण हुआ। अंत में १८०३ ई० मे उन्होंने अँगरेजों के साथ देवगाँव की संधि कर ली। इस संधि के अनुसार रघुजी भोंसले के अधिकांश भूमिभाग पर अँगरेज़ों का अधिकार हो गया। १८०४ ई० में पेशवा के साथ की गई संधि के बाद अँगरेज़ों को वहाँ और भी बल मिला। इन सब बातों का परिणाम यह हुआ कि बरारवालों की आय बहुत घट गई और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। १८०६ ई० में सम्बलपुर और पटना समूह की रियासतें बरार वालों को देकर उनके अभाव की पूर्ति करने की चेष्टा जरूर की गई, किन्तु रघुजी भोंसले के कारण उन्हें कोई विशेष लाभ न हो सका। १८१६ ई० में रघुजी की मृत्यु के उपरान्त नागपुर का इतिहास अनिश्चित गति धारण करता रहा। १८५५ ई० में अँगरेज़ों ने उसे अपने एक चीफ़ कमिश्नर के अन्तर्गत रख दिया और इस प्रकार नागपुर राज्य की स्वतंत्र सत्ता का अपहरण हो गया।

चम्पतराय और छत्रसाल की शौर्य-भूमि बुन्देलखंड का भी भारतीय इतिहास में महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। वहाँ का प्राकृतिक सौन्दर्य वीरों और कलाकारों दोनों का मन मोहित करता आया है। इस भूमि ने अपना वैभव और गौरव सुरक्षित रखने

के लिए अनेक वीर-रत्नों को जन्म दिया। राजा छत्रसाल के समय में मुहम्मद खाँ बंगश ने बुन्देलखण्ड पर आक्रमण किया था, किन्तु बाजीराव पेशवा की सहायता से राजा छत्रसाल ने उसे भलीभाँति पराजित किया और वह बुन्देलखण्ड की सीमा से बाहर खदेड़ दिया गया। बाद को छत्रसाल ने बाजीराव को अपने दत्तक पुत्र के रूप में स्वीकार कर अपना राज्य अपने दो औरस पुत्रों, हृदयशाह और जगतराज, के बीच और बाजीराव के बीच विभाजित कर दिया। इस प्रकार तत्कालीन सूबा 'हिन्दुस्तान' में सर्वप्रथम मराठों का राज्य स्थापित हुआ। कालान्तर में उन्होंने अपने इस राज्य की सीमाओं का निरंतर विकास किया। उधर छत्रसाल के दो औरस पुत्रों के उत्तराधिकारियों का दिन-पर-दिन पतन होता गया। जब माधोजी सिंधिया ने शमशेर बहादुर के पुत्र अली बहादुर के सैनिक नेतृत्व में बुन्देलखण्ड के विभिन्न भूमि-भागों पर आक्रमण किए तो अनेक सामन्तों और जागीरदारों ने दिल्ली की वश्यता छोड़ कर मराठों की अधीनता स्वीकार कर ली। लेकिन बुंदेलखण्ड की विपत्तियों का अन्त यहीं नहीं हो जाता। राजा छत्रसाल के औरस पुत्रों के उत्तराधिकारियो की पारस्परिक कलह ने अली बहादुर की महत्त्वाकांक्षाओं को प्रश्रय दिया। हिम्मत बहादुर ने उसकी आर्थिक सहायता की। हृदयशाह के पुत्र हिन्दूपत के राज्य पर वंश के विद्रोही सेवकों---बेनी हजूरी और खेमराज चौबे---का अधिकार हो गया था। बेनी हजूरी पन्ना में और खेमराज चौबे कालिंजर में जमा था। जगतराज के राज्य की भी दुःखद कहानी है। इस प्रकार बुन्देलखण्ड के अधिकांश में अली बहादुर को अपनी सत्ता स्थापित करने में किसी प्रकार की कठिनाई का अनुभव न करना पड़ा। केवल कालिंजर में उसका डटकर मुकाबला किया गया जहाँ १८०२ ई० की लड़ाई के समय उसकी मृत्यु हो गई। किन्तु मरने से पहले उसने पूना के पेशवा के साथ एक समझौता कर लिया था जिसके अनुसार बुन्देलखण्ड में स्थापित अली बहादुर के राज्य पर पेशवा की सर्वोपरि सत्ता स्वीकार कर ली गई।

किन्तु अँगरेजों ने बेसीन-संधि की शर्तों के अनुसार बुन्देलखण्ड की आय का बहुत बड़ा अंश हड़प लिया। यह बात दौलतराव सिंधिया, जसवन्तराव होल्कर और बरार के राजा को बुरी लगी और सबने मिलकर गंगा के दोआब में स्थित अँगरेजी राज्य पर आक्रमण करने की सोची। किन्तु इसी समय हिम्मत बहादुर ने स्वार्थपूर्ण दृष्टिकोण से प्रेरित होकर अँगरेजों को अपना राज्य सौंप दिया जिससे अँगरेजों के पैर बुन्देलखण्ड में भी सर्वप्रथम दृढ़तापूर्वक जम गए। मराठों के मुक़ाबले में उन्हें राजनीतिक और सैनिक दृष्टि से अत्यधिक लाभ हुआ। १८०४ ई० में हिम्मत बहादुर की मृत्यु के बाद अँगरेजों ने उसके वंशजों को जागीरें और सनदें प्रदान कीं। अली बहादुर के पुत्र, शमशेर बहादुर और जुल्फ़िकार अली, अयोग्य शासक सिद्ध हुए। बुन्देलखण्ड में पेशवा की सत्ता नाम-मात्र ही की रह गई। १८१७ ई० में उसकी शक्ति का ह्रास हो जाने के बाद बुन्देलखण्ड पर एकमात्र अँगरेजों का प्रभुत्व स्थापित हो गया और बुन्देलखण्ड की वीर-भूमि पराधीन हो गई। अपनी कूटनीति का व्यवहार करते हुए और होल्कर से बचाव

करने की दृष्टि से अँगरेज़ों ने बुन्देलखण्ड के सामन्तों को उनके अधिकारों सहित बनाए रखा। लेकिन अली बहादुर के समय में दिए गए उनके ये अधिकार इसी शर्त पर सुरक्षित रखे गए थे कि वे अँगरेज़ों के प्रति वफ़ादार बने रहेंगे। प्रस्तुत संग्रह में सम्मिलित इक़रारनामों, सनदों आदि से इस बात का प्रमाण मिलता है कि बुन्देलखण्ड के विभिन्न सामन्त, जागीरदार और ज़मींदार या तो अँगरेज़ों के दबाव के कारण, अथवा मराठों से आतंकित होने के कारण, नतमस्तक हुए और उन्हें अँगरेज़ों की शर्तें स्वीकार करनी पड़ीं। आगे चलकर कुछ रियासतें तो इक़रारनामों की अवधि समाप्त हो जाने के कारण अँगरेज़ी राज्य में मिला ली गईं, और कुछ १८५७ ई० के विद्रोह में भाग लेने के कारण जब्त कर ली गईं। यह सामग्री बुन्देलखण्ड वैभव के पूर्णास्त की दुःखद कहानी प्रस्तुत करती है।

इस संग्रह का अवलोकन करते समय पाठकों को कालिंजर के चौबे-वंश का भी उल्लेख मिलेगा। वास्तव में जब हृदयशाह को कालिंजर का क़िला अपने पिता छत्रसाल से मिला था, उस समय चौबे रामकिशन वहाँ का क़िलेदार था। अली बहादुर के आक्रमण के कारण बुन्देलखण्ड में जब अराजकता फैली उस समय चौबे लोग कालिंजर के मालिक बन बैठे और उन्होंने अली बहादुर का डट कर मुक़ाबला किया। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया जा चुका है, कालिंजर के युद्ध के समय ही उसकी मृत्यु हो गई थी। जिस समय बुन्देलखण्ड पर अँगरेज़ों का प्रभुत्व स्थापित हुआ उस समय कालिंजर का क़िला चौबे रामकिशन के सात पुत्रों के अधिकार में था जिनके नाम थे :—बलदेव, भरतजू, गोबिंददास, गंगाधर, नवलकिशोर, शालिग्राम और छत्रसाल। बलदेव की मृत्यु हो चुकी थी, इसलिए क़िले का नायकत्व उसके पुत्र दरियावसिंह के हाथ में रहा। यद्यपि दरियावसिंह बुन्देला राजाओं का वंशज नहीं था तो भी घाटों के ऊपरी भूमि-भाग को छोटे-छोटे सामन्तों के पास रहने देने की नीति का अनुसरण करते हुए अँगरेज़ों ने अपने प्रति वफ़ादारी की शर्त पर उसके साथ समझौता कर लिया। अजयगढ़ के किलेदार के साथ कुछ झगड़ा होने के कारण उस समय दरियावसिंह को कोई सनद न दी जा सकी। किन्तु शीघ्र ही दरियावसिंह और अँगरेज़ों में संघर्ष प्रारंभ हो गया। १८१२ ई० में अँगरेज़ों ने कालिंजर पर आक्रमण किया। उन्हें जितनी सफलता मिलनी चाहिए थी उतनी सफलता तो नहीं मिली, किन्तु दरियावसिंह ने इस शर्त पर उनकी अधीनता स्वीकार कर ली कि उसके वंशवालों के पास उस समय जो ज़मीनें थीं उनके बदले में उन्हें और ज़मीनें दी जाएँगी। क्योंकि उसके वंश में आपस में बहुत झगड़े चले हुए थे, इसलिए अँगरेज़ों ने यह निश्चय किया कि उसके वंश के प्रत्येक सदस्य को अलग-अलग व्यक्तिगत रूप में सनदें दी जायें। उन्होंने चौबे खानदान के वकील गोपाललाल को एक अलग सनद देने का निश्चय किया। पुहकरप्रसाद और गयाप्रसाद क्रमशः गोविन्ददास और गंगाधर के पुत्र थे। बटवारे के समय पुहकरप्रसाद और गयाप्रसाद की मृत्यु हो चुकी थी। दो हिस्से दो स्त्रियों को मिले थे—एक तो छत्रसाल की माँ का था, और दूसरा भरतजू

की विधवा पत्नी का। छत्रसाल की माँ ने अपनी तथा अन्य हिस्सेदारों की मर्जी से अपना हिस्सा छत्रसाल चौबे को देने का निश्चय किया। भरतजू की विधवा पत्नी का हिस्सा नवलकिशोर को मिला। किन्तु १८१७ ई० में उन दोनों के हिस्से अलग अलग कर दिए गए। वंश के उत्तराधिकार-नियम के अनुसार ये हिस्से निरन्तर छोटे होते गए और अन्त में उनमें से अनेक अँगरेज़ी राज्य में मिला लिए गए।

बुन्देलखण्ड के प्रसंग में, अन्य अनेक स्थानों के अतिरिक्त, रीवा, चरखारी, बिजावर, अजयगढ़, छतरपुर, मैहर, लोगासी, बेरौदा, बेहरी, जस्सू आदि के नाम प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं। रीवा के राजा जयसिंह देव से अँगरेज़ों ने सर्वप्रथम संधि स्थापित की थी। १८१२ ई० में जब पिंडारियों ने रीवा की तरफ़ से आकर मिर्ज़ापुर में लूटमार की तो, यह कहा जाता है कि, उसमें राजा जयसिंह देव की दुरभिसंधि दिखाई दी। दबाव पड़ने के कारण उसने अँगरेज़ों से संधि की थी। किन्तु संधि की शर्तों का पालन न कर सकने के कारण उसने युवराज विश्वनाथ सिंह को गद्दी पर बिठा दिया और रीवा ने पूर्णतः अँगरेज़ों की अधीनता स्वीकार कर ली। चरखारी के विजय-बहादुर को अली बहादुर ने जागीर बख़्शी थी, क्योंकि जब छत्रसाल के वंशज आपस में लड़ रहे थे उस समय उसने अली बहादुर की सहायता की थी। विजयबहादुर उन बुन्देला सामन्तों में से माना जाता है जिन्होंने सर्वप्रथम अँगरेज़ों का प्रभुत्व स्वीकार किया। अँगरेज़ों ने उसे एक सनद १८०४ ई० में प्रदान की और दूसरी १८११ ई० में। विजय बहादुर की मृत्यु १८२९ ई० में हुई और उसका उत्तराधिकार, काफ़ी भगड़े के बाद, रतनसिंह को प्राप्त हुआ। बुन्देलखण्ड में जब अँगरेज़ों का पदार्पण हुआ था उस समय केसरीसिंह बिजावर का शासक था। वह जगतराज के पुत्र वीरसिंह देव का पुत्र था। उसने भी अँगरेज़ों की अधीनता स्वीकार कर ली थी, किन्तु चरखारी के राजा विजयबहादुर और छतरपुर के कुँवर सोने साह के साथ भगड़ा होने के कारण उसे कोई सनद न दी जा सकी थी। १८१० ई० में उसकी मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र रतनसिंह गद्दी पर बैठा और उसे अँगरेज़ों से सनद प्राप्त हुई। १८३६ ई० में उसकी मृत्यु के उपरान्त उसका भतीजा लछमनसिंह उत्तराधिकारी बना। अजयगढ़ के राजा को प्रारम्भ में 'राजा साहब बाँदा' कहा जाता था। अली बहादुर ने वहाँ के राजा बख़्तसिंह की दुर्दशा कर डाली थी। किन्तु अँगरेज़ों की सहायता से वह पुनः अपनी पूर्वावस्था को प्राप्त हुआ। १८०७ ई० में अँगरेज़ों ने उसे सनद प्रदान की। १८०८ ई० में उसकी पेंशन बन्द कर दी गई। इस समय लछमन दौआ नामक एक वीर साहसिक ने अजयगढ़ राज्य और क़िले का बहुत बड़ा भाग अपने क़ब्ज़े में कर लिया था। उसे अपनी ओर मिलाने के लिए अँगरेज़ों ने उसी स्थिति में उसे इस शर्त पर स्वीकार कर लिया कि वह उनके साथ विश्वासघात नहीं करेगा। किन्तु शर्तों का पालन न कर सकने के कारण वह शीघ्र ही हटा दिया गया और उसके भाग का बहुत बड़ा अंश अजयगढ़ के राजा को दे दिया गया। १८१२ ई० में राजा बख़्तसिंह को सनद प्राप्त हुई। १८३७ ई० में उसकी मृत्यु के पश्चात्

उसका ज्येष्ठ पुत्र माधोसिंह गद्दी पर बैठा। वह निस्सन्तान रहा और १८४९ ई० में परलोक सिधार गया। पन्ना के राजा किशोरसिंह के पितामह राजा हिन्दूपत का एक सेवक था जो आगे चलकर कुँवर सोने साह जू के नाम से विख्यात हुआ। बुंदेलखण्ड पर मराठों के आक्रमण के समय वह एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक व्यक्ति बन बैठा था। १८०६ ई० में अँगरेजों ने उसी को सनद दे दी। १८०८ ई० में उसे मऊ और उसके पुत्र प्रतापसिंह को छतरपुर दिया गया। १८१२ ई० में कुँवर सोने साह जू ने अपनी रियासत अपने पाँच पुत्रों में विभाजित की जिसके फलस्वरूप प्रतापसिंह का हिस्सा बहुत कम हो गया। अँगरेजों ने यह बँटवारा स्वीकार नहीं किया और सोने साह की मृत्यु हो जाने पर बुन्देलखण्ड-स्थित अपने एजेंट को आदेश दिया कि प्रतापसिंह के साथ समझौते का प्रधान आधार पिछला बँटवारा ही माना जाय। उन्होंने हिम्मतसिंह, पृथ्वीसिंह, हिन्दूपत और बख्तसिंह नामक अन्य चार भाइयों को उसके अधीन रखा। १८१५ ई० में उनके आदेशों का पूर्णतः पालन कर दिया गया और पाँचों भाइयों को अलग-अलग सनदें मिलीं। १८२७ ई० में प्रतापसिंह को 'राजा' की पदवी प्रदान की गई।

मैहर रियासत प्रारभ में रीवा के मातहत थी। जब अँगरेजों ने बुन्देलखण्ड में अपने पैर जमाए तो उस समय ठाकुर दुर्जनसिंह मैहर रियासत का मालिक था। १८१४ ई० में अँगरेजों ने उसे सनद दी। १८२६ ई० में उसकी मृत्यु के पश्चात् मैहर रियासत उसके दो पुत्रों, बिशनसिंह और प्रागदास, में बाँट दी गई। मैहर जिला बिशनसिंह के हिस्से में पड़ा। जहाँ तक लोगासी से संबंध है, हृदयशाह का पौत्र दीवान धीरजसिंह बुन्देलों और अली बहादुर के शासन-काल में सात गाँवों का मालिक था। अँगरेजों का अधिकार स्थापित हो जाने पर उसने एक इक़रारनामा लिख दिया और वह अपने पद पर सुरक्षित बना रहा। वृद्धावस्था के कारण उसने १८१४ ई० में अपने द्वितीय पुत्र सरदारसिंह को गद्दी पर बिठाना चाहा। उसके ज्येष्ठ पुत्र पद्मसिंह ने चार वर्ष पूर्व उसके प्रति विद्रोह किया था, इसलिए वह उसे अपना उत्तराधिकारी बनाना नहीं चाहता था। अँगरेजी सेना की सहायता से ही दीवान धीरजसिंह ने उसका विद्रोह दबाने में सफलता प्राप्त की थी। किन्तु अँगरेजों ने न तो दीवान धीरजसिंह को गद्दी से हटने दिया और न सरदारसिंह को ही नई सनद प्रदान की। किन्तु उनसे नए इक़रारनामे अवश्य लिखा लिए गए। बुन्देलखण्ड के इतिहास में बरौंदा का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह रियासत राजपूतों की राजवंशी जाति के अधिकार में थी। १८०७ ई० में अँगरेजों ने मोहनसिंह को सनद बख्शी, किन्तु वह बेचारा १८०७ ई० में ही इस दुनिया से कूच कर गया। उसका अधिकार उसके भतीजे राजा सर्वजीतसिंह को मिला। बेहरी रियासत की दृष्टि से दीवान जुगलप्रसाद का नाम उल्लेखनीय है। वह जगतराज के कन्या-पक्ष का वंशज था। उसके पितामह ने जगतराज की पुत्री से विवाह किया था और उमरी, चिली और दादरी गाँव जागीर के रूप में प्राप्त किए थे। बुन्देला राजाओं के शासन-काल में ये गाँव उन्हीं के पास बने रहे और

अली बहादुर ने उन पर जुगलप्रसाद का अधिकार स्वीकार किया। जब अंगरेज बुन्देलखण्ड आए तो उस समय जुगलप्रसाद के पास केवल उमरी गाँव रह गया था। दादरी गाँव नाना गोविन्द राव ने कालपी जिले के कुछ गाँवों के बदले में ले लिया था। कुछ समय के पश्चात् अँगरेजो ने इन सब गाँवों का मालिक दीवान जुगलप्रसाद को ही माना। चिली तो उसे मिला ही, दादरी के बदले उसे परगना जलालपुर में जमीन दे दी गई। १८१४ ई० मे जुगलप्रसाद का देहांत हो गया। उसका अधिकार उसके भतीजे फैरनसिंह को प्राप्त हुआ। कोटरा सहित जसो रियासत (बुन्देलखण्ड) [illegible] के पास थी। १७६६ ई० में उसने अपनी यह रियासत अजयगढ़-वंश के पूर्वज, गुमान-सिंह, चरखारी-वंश के पूर्वज, खुमानसिंह, और जैतपुर राज्य के संस्थापक, पहाड़सिंह, के बीच बाँट दी। उत्तराधिकार-नियम के अनुसार बालक मूरतसिंह जस्सू रियासत का मालिक बना। अली बहादुर ने रियासत को अपने अधिकार में करके उसे मूरतसिंह के पिता चेतसिंह के एक विद्रोही नौकर गोपालसिंह के हवाले कर दिया। १८०७ ई० और उसके बाद जस्सू रियासत को लेकर अजयगढ़ के राजा बख्तसिंह से बड़ा झगड़ा हुआ। अन्त में अँगरेजों ने १८१६ ई० मे मूरतसिंह को सनद दी और जो झगड़े बच रहे थे उनका निबटारा किया।

इन प्रमुख रियासतों के संक्षिप्त विवरण से यह ज्ञात हो जाता है कि बहुत दिनों तक अँगरेजो ने अली बहादुर के शासन-काल में स्थापित उत्तराधिकार-नियमों का पालन किया, यद्यपि अपनी सुविधानुसार उन्होंने उनकी अवहेलना भी की। साथ ही उन्होंने राज-वंशों के विद्रोही सेवकों तक को सहायता प्रदान की। जो उनका साथ देता था वे उसी को अपनी सैनिक शक्ति की 'छत्रछाया' में ले लेते थे। उपर्युक्त रियासतों के कई शासकों ने कभी-कभी विद्रोह करने की चेष्टा भी की। किन्तु अँगरेजों की संगठित सैनिक शक्ति और कूटनीति के सामने उनकी एक न चली और अन्ततोगत्वा उन्हें अँगरेजों की अधीनता पूर्णरूपेण स्वीकार करनी पड़ी। गोपालसिंह बुन्देला भी एक ऐसा ही वीर था जिसने बुन्देलखण्ड में अँगरेजी शासन का प्रारम्भ से ही विरोध किया। वह छत्रसाल के पौत्रों, दुर्जनसिंह और हरीसिंह, का कामदार था। अली बहादुर ने जब बुन्देलखण्ड पर आक्रमण किया तो उसने कोटरा पर अधिकार जमा लिया था। अँगरेजो ने उसे पराजित करने की अथक चेष्टा की। जब उसे शरण लेने को कोई आधार न रह गई तो वह हारकर अँगरेजो के सम्मुख क्षमा-प्रार्थी हुआ और १८१२ ई० में उसे सनद मिल गई। १८३१ ई० मे वह वीरगति को प्राप्त हो गया। इसी प्रकार नया गाँव का लक्ष्मण-सिंह भी बहुत दिनों तक अँगरेजो से मोर्चा लेता रहा। किन्तु विवश होकर उसे भी उनकी अधीनता स्वीकार करनी पड़ी। १८०७ ई० मे उसे सनद मिल गई थी, लेकिन १८०८ ई० में उसका परलोक-गमन हो गया। उसके बाद उसके पुत्र जगतसिंह ने अँगरेजों से मित्रता बनाए रखी। बूरागढ़ के क़िलेदार राजाराम ने भी अँगरेजों की अधीनता स्वीकार करने से इंकार कर दिया था। राजा अजयगढ़ के माध्यम द्वारा अँगरेजों के लाख चेष्टा करने पर भी वह हाथ न आया। अंत में गोपालसिंह और लछमनसिंह की

भाँति उसके लिए भी आत्म-समर्पण के अतिरिक्त कोई चारा न रह गया और १८०७ ई० मे उसने अँगरेजों द्वारा दी गई सनद स्वीकार कर ली। १८४६ ई० में वह इस दुनिया मे चल बसा। सोहावल रियासत पन्ना राज्य के अधीन थी। लाल अमानसिंह ने अँगरेजों से सनद लेकर ताबेदारी का इक़रारनामा लिख दिया। कोठी और उँचहरा रियासतों की भाँति ही सोहावल रियासत से व्यवहार किया गया था। बीच में लाल अमानसिंह ने अपनी रियासत अपने ज्येष्ठ पुत्र के हाथ सौंप दी। १८३० ई० में एक व्यापारी का रुपया चुकाने की दृष्टि से अँगरेजों ने उसे अपनी निगरानी में ले लिया था। लेकिन १८३३ ई० मे वह फिर लाल अमानसिंह को वापस कर दी गई, क्योंकि इस समय तक उसका पुत्र मर चुका था। कोठी और उँचहरा रियासतें भी पन्ना राज्य के अधीन थीं। कोठीवाले बघेला थे। उनके स्वत्वों का अपहरण न तो बुन्देला राजाओं ने किया था और न अली बहादुर ने। इसलिए अँगरेजों ने भी १८१० ई० में लाल दुनियापत को सनद बख्श दी। उँचहरावालों की भी कोठीवालों के समान स्थिति थी। १८०९ ई० मे लाल शिवराजसिंह को सनद मिली। १८१८ ई० में उसका पुत्र, बलभद्रसिंह, गद्दी पर बैठा। इसी प्रकार अलीपुरा रियासत के दीवान प्रतापसिंह को भी १८०८ ई० में सनद प्रदान कर अँगरेजों ने उसे अपने सरक्षण में ले लिया था। दीवान अपरबलसिंह और दीवान चथारी ने अँगरेजों से सनदें प्राप्त कीं। सुरीला के राजा तेजसिंह को, जो जगतराज का प्रपौत्र था, अली बहादुर ने उसके अधिकारों से वंचित कर दिया था। राजा हिम्मत बहादुर के कारण अँगरेज़ों ने उसका अधिकार फिर स्वीकार किया और १८०७ ई० में उसे सनद प्रदान की। बड़गाँव तथा अन्य अनेक ऐसी छोटी-छोटी रियासतों ने भी किसी-न-किसी विवशता के कारण अँगरेजों से सनदें प्राप्त कर उनकी अधीनता स्वीकार की। उनमें से कुछ का उल्लेख प्रस्तुत संग्रह में मिलेगा।

उपर्युक्त संक्षिप्त ऐतिहासिक विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है, और उसकी पुष्टि प्रस्तुत पत्रों, सनदों और इक़रारनामों से भी हो जाती है, कि अँगरेजों की दृष्टि मराठा-शक्ति को छिन्न-भिन्न करने की ओर थी। मराठों के परस्पर वैमनस्य, फूट, स्वार्थ-लिप्ति और संघ-शक्ति के अभाव ने अँगरेजों को सफलता प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। अँगरेजों ने भेदनीति का अनुसरण करते हुए कभी एक का साथ दिया, तो कभी दूसरे का। अवसरानुकूल उन्होंने कभी हस्तक्षेप की नीति का अनुसरण किया, तो कभी अ-हस्तक्षेप की नीति का। इस पर वेलेजली की सहायक-संधि-नीति या मांडलिक संबंध-नीति (Subsidiary Alliance System) ने अपना प्रभाव प्रदर्शित किया। इस सहायक-संधि-नीति के अनुसार अँगरेज देशी नरेशों को आर्थिक सहायता देते थे, उनके यहाँ अपनी सेना रखते थे, उस सेना के व्यय का उत्तरदायित्व भी देशी नरेशों पर रहता था, देशी नरेश बिना अँगरेजों की अनुमति के न तो किसी से युद्ध कर सकते थे और न संधि कर सकते थे, और वे अँगरेजों के अतिरिक्त अन्य किसी यूरोपियन को अपने यहाँ नौकरी भी नहीं दे सकते थे। देशी नरेशों को अपने

यहाँ एक अँगरेज रेज़ीडेंट भी रखना पड़ता था जिससे वह शासन-संबंधी मामलों में परामर्श करता था। पहले तो देशी नरेश ऐसी संधि को अपमानजनक समझते रहते थे, किन्तु अँगरेज़ अपनी कूटनीति द्वारा ऐसी परिस्थिति उत्पन्न कर देते थे कि बड़े-बड़े भारतीय सामन्तों को सहायक-संधि-नीति स्वीकार कर लेनी पड़ती थी। इस नीति के अन्तर्गत देशी राज्यों को अँगरेजी राज्य मे मिलाया जाना सरल हो गया। सहायक-संधि-नीति के स्वीकार करते ही वास्तविक सत्ता अँगरेज़ रेज़ीडेंट के हाथ में चली जाती थी और देशी नरेश नाममात्र के नरेश रह जाते थे। वास्तव में वेलेज़ली की यह नीति भारतीय नरेशों के लिए बड़ी घातक सिद्ध हुई। सच बात तो यह है कि मराठा शक्ति के नाश के बीज वेलेज़ली और उसके भाई आर्थर वेलेज़ली ने बोए। सहायक-संधि-नीति के व्यवहार से उन्हे और उनके उत्तराधिकारियों को अभूतपूर्व सफलता मिली। छोटे-बड़े सभी सामन्तों के साथ उन्होंने यह नीति बरती।

प्रारंभ मे नेपाल के साथ अंगरेज़ों के सबंध केवल व्यापार की दृष्टि से थे। उनके पारस्परिक राजनीतिक सम्बन्ध १७६७ ई० में गोरखों के आक्रमण, और काठ-माण्डू के नेवार राजा के स्थान पर गोरखा-राज्य स्थापित होने से प्रारंभ होते है। गोरखों ने इतनी अधिक शक्ति प्राप्त कर ली थी कि अँगरेज़ों ने उन्हीं को नेपाल का शासक मान लिया। पहाड़ी प्रदेश को अपने अधिकार मे कर लेने के पश्चात् गोरखे हिमालय की तलहटी वाला भाग उसी शर्त पर चाहते थे जिस शर्त के आधार पर वह मकवानपुर के राजा के पास था। इससे गोरखों के राज्य की सीमा का विस्तार गोरखपुर तक हो जाता था। अँगरेज़ों की गृद्ध-दृष्टि कुमायूँ-गढ़वाल के इलाकों पर थी। इससे दोनों का संघर्ष अवश्यंभावी था। किन्तु जब गोरखों की दृष्टि तिब्बत पर पड़ी तो उनमें और चीनी सम्राट् में संघर्ष हुए बिना न रह सका। अँगरेज़ों के हस्तक्षेप करने से पूर्व ही गोरखों को चीनियों के हाथों बुरी तरह पराजित होना पड़ा। १८०० ई० में नेपाल के राजा रणबहादुर ने अपनी एक रानी को रीजेंट बनाकर अपने जारज पुत्र गीर्वाण जोध विक्रम साह को गद्दी पर बिठाकर काशी-वास करने का निश्चय किया। अँगरेजों ने इस अवसर से लाभ उठाना चाहा और १७९२ ई० की संधि के अनुसार उन डाकुओं और लुटेरों को बन्दी बना कर वापस भेजने की मांग प्रस्तुत की जो नेपाल राज्य की सीमा से मिली अँगरेजी राज्य की सीमा पर उत्पात मचाते थे। सारन और गोरखपुर जिलों मे दोनों की सीमाएँ मिलती भी थीं। इस संबंध में कैप्टेन नॉक्स द्वारा अक्टूबर, १८०१ ई० में एक संधि हुई जिसके अनुसार वह प्रथम अँगरेज़ रेज़ीडेंट नियुक्त हुआ। किन्तु रणबहादुर की बड़ी रानी ने काठमाण्डू में आकर सारी शक्ति अपने हाथ में ले ली और उसका और अँगरेज़ों का संघर्ष फिर प्रारम्भ हो गया। इस संघर्ष के फलस्वरूप २४ जनवरी, १८०४ को लार्ड वेलेज़ली ने नेपाल दरबार से अपना राजनीतिक सबंध-विच्छेद कर दिया। रणबहादुर भी नेपाल लौट आया। किन्तु अपने भाई के साथ संघर्ष में वह मारा गया। कहा जाता है वह बड़ा अत्याचारी था। लेकिन उसके एक नवयुवक सहायक, भीमसेन थापा, ने बालक गीर्वाण जोध

विक्रम को अपनी सुरक्षा में ले लिया और शासन-संबंधी सभी सूत्र उसके हाथ में आ गए। तत्पश्चात् नेपाल राज्य और अँगरेजी राज्य के बीच सीमा-संबंधी अनेक झगड़े चलते रहे। १८०८ ई० तक गोरखों ने बुटवल, शिवराज आदि स्थानों पर अधिकार कर अपने राज्य का विस्तार कर लिया था। १८०९ ई० में अँगरेजों ने गोरखों से युद्ध करने की ठानी, लेकिन गोरखे उस समय युद्ध बचा गए और अधिकृत स्थानों से हट गए। १८११ ई० में उन्होंने फिर बुटवल और बेतिया की सीमा पर स्थित कुछ स्थानों को हस्तगत कर लिया। बेतिया की जनता का कुछ गोरखा-विरोधी रुख देख-कर लॉर्ड हेस्टिंग्ज ने १८१४ ई० मे गोरखों पर आक्रमण कर दिया। गोरखो ने वीरभद्र के नेतृत्व में अपूर्व रण-कौशल प्रदर्शित किया और अँगरेजों को पूर्ण विजय प्राप्त न हो सकी। किन्तु अँगरेज सेनापति जनरल ऑक्टरलोनी को, जो लुधियाने से बढा था, सफलता मिली और उसने सेनापति अमरसिंह को हरा दिया। नेपाल सरकार ने १८१६ ई० मे सिगौली की संधि स्वीकार कर ली। इस संधि के अनुसार नेपाल राज्य ने तराई पर अपना अधिकार छोड़ दिया और कुमायूँ पर अँगरेजों का स्वत्व स्वीकार कर लिया। अब एक अँगरेज रेजीडेंट भी नेपाल की राजधानी काठमाण्डू मे रहने लगा। सिगौली की संधि द्वारा अँगरेजों को अनेक महत्त्वपूर्ण राज-नीतिक लाभ प्राप्त हुए।

१८३२ ई० में भीमसेन थापा के विरुद्ध विद्रोह के चिह्न दृष्टिगोचर होने लगे। १८३९ ई० में थापा-वंश का अस्तित्व मिट गया। उसके बाद तो अँगरेजों का विरोध और भी खुले रूप में होने लगा। किन्तु १८५७ ई० के विद्रोह में महाराजा जगबहादुर ने अँगरेजों की सहायता की।

× × ×

ऊपर जिन ऐतिहासिक और राजनीतिक बातों का उल्लेख किया गया है उनका सीधा सबंध प्रस्तुत संग्रह में संकलित सामग्री से है। 'हिंदुई' शब्द के प्रयोग, दास-प्रथा पर प्रतिबंध लगाने, और पिंडारियों की दृष्टि से, उदाहरणार्थ, क्रमशः पत्र-संख्या ४०, १२९, ११६ और १३२ देखने योग्य है। कुछ पत्र ऐसे भी हैं जिनका ऐतिहासिक या राजनीतिक दृष्टि से कोई महत्व नहीं है (जैसे जिला बिहार की कचहरी मे पेश रामलोचन दारोगा का मुकदमा)। किन्तु इन सभी पत्रों, इक़रारनामों, सनदों आदि का भाषा के अध्ययन की दृष्टि से महत्त्व अवश्य है। इनमें खड़ीबोली के साथ हिन्दी की कुछ अन्य बोलियों के मिश्रित रूप मिलते हैं। अधिकांश पत्रों की भाषा प्रधानतया खड़ीबोली है जिसे 'हिंदवी' कहा गया है (पृ० ९, ११)। कहीं-कहीं भाषा और लिपि का 'हीदुई', 'हिंदुई' नाम भी मिलता है (पृ० १५, ६९, ७०, २१४)। भाषा की कुछ अव्यवस्था बेपढ़े तथा कम पढ़े बोलनेवालों तथा लेखकों के कारण भी मालूम होती है। अनेक पत्र लेखकों के द्वारा मौखिक ढंग से लिखवाए गए हैं। इस प्रकार की खड़ीबोली का एक उदाहरण नीचे दिया जा रहा है:—

'एक घरी दीन चढ़ा था। तब हम दारोगा रामलोचन के पाश रोजी के वाशते जो दशतक चीठी होते है गऐ थे। उहा शे अपने घर को गए। जब दारोगा के दरवाजा प्र वाहर आऐ तब देखा जो रधीआ मोहन मुद्इ का छोकरी, रोती चली आव है। तब हम देखा औ चीन्हा जो रधीआ हे।' (पृ० ९)

कुछ पत्रों की भाषा उर्दू की तरफ भी झुकी हुई है, जैसे :—

'श्री श्री वडा साहव गरीव प्रवर सलामति। सरकार का खेरमल्लाह मोंदाम का वेहतर चहिये जिस्से हमारा भला होवे। सरकार के अकबाल से इहा खेरसलाह है। आगे इहा का हगामा फसाद मरहठे का पेस्तर दफेअ अरज लीया है। हजुर मोवारक मो रौसन हुआ होगा।' (पृ० १८)

कुछ पत्रों में भोजपुरी का प्रभाव स्पष्ट है :—

'आगे राउर खत आऐल। समाचार पावल।' (पृ० ३२)

'जवन काम कहीह तवन हम करी।' (पृ० ३३)

'फौज गैल है।' (पृ० ३७)

'आगें जे वात होंते रहे से गुजरल। अब फीरगी डेरा नगर दाखील भेल।' (पृ० ३८)

'आगे वहुत दीन भेल साहेव के समाचार नहीं मीलल है से धीला चीत लागल है।' (पृ० ५७)

बहुत कम पत्रों की भाषा में भोजपुरी के साथ अवधी का मिश्रण मिलता है, जैसे :—

'से तो हम जैवे करव। वीन ही कहवे तो काहे जाव। हम तो राउर राह वहुत देखन।' (पृ० ६८)

'खत आवा। हवाल मालूम भा।' (पृ० २५०)

बुंदेली या ब्रजभाषा के रूप भी बहुत ही कम प्रयुक्त हुए है, जैसे :—

'सो हम सौ तौ यौ किम्पौ जब तै बुंदेलन को राज है तब से रहौ आयौ है।' (पृ० ७६)

'काहू सौदागिर राहगीर कौ माल जिस गाव के पास चोरी वा लुटो जाई सो गाव के जिमीदारन सौ उनकौ माल देवाई देई।' (पृ० ८०)

'अरु आपने कर दई व्रती।' (पृ० १३८)

'सो हमको लिवाई जैहे।' (पृ० १३४)

नेपाल की तराई से लिखे दो-तीन पत्रों में नेपाली का मिश्रण मिलता है। (पृ० २७३, २७५)

इन पत्रों को पढ़कर यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में ही खड़ीबोली हिन्दी का प्रयोग व्यापक रीति से होने लगा था, यद्यपि उसने अभी साहित्यिक आदर्श रूप अवश्य ग्रहण नहीं किया था। अदालतों तथा इकरारनामों की भाषा में प्रायः फ़ारसी शब्दों का मिश्रण अधिक स्वतंत्रता के साथ होता था, क्योंकि इन क्षेत्रों में अब तक फारसी चल रही थी। निजी पत्रों में खड़ीबोली पर लेखक की

अपनी बोली का प्रभाव मिश्रित हो गया है। यही कारण है कि अनेक पत्रों में भोज-पुरी, बुँदेली आदि का प्रभाव प्रधानतया व्याकरण के रूपों में दिखलाई पड़ता है। किन्तु इन सब प्रकार के मिश्रणों के पीछे खड़ीबोली का ढाँचा स्पष्टतया विद्यमान है। खड़ीबोली के विकास के अध्ययन में इन पत्रों से प्राप्त भाषा-सामग्री अत्यत उपयोगी सिद्ध होगी।

इन पत्रों से उन्नीसवीं शताब्दी की देशी पत्र-लेखन-शैली के अतिरिक्त खड़ी-बोली की समन्वयात्मक शक्ति, मुहावरेदानी और तद्भव-प्रधानता का परिचय प्राप्त होता है। वर्तनी की दृष्टि से भी उनका महत्त्व कम नही है।

× × ×

इस संग्रह में पत्र काल-क्रमानुसार रखे गए है। रियासतों के अनुसार उनका वर्गीकरण परिशिष्ट १ मे दे दिया गया है कुछ पत्रो की पुनरावृत्ति जान-बूझकर की गई है. जैसे, ९५ और ९६, ११२ और ११६, १२६ और १२७, १४२ (ख, ग, घ) और १४३ (क, ख, ग), १४२ (क) और १४४, १४६ और १४७। विषय की दृष्टि से ये पत्र लगभग समान हैं। किन्तु शब्दों के प्रयोग और वर्तनी के अध्ययन की दृष्टि से वे तुलनीय हैं। भाषा-विज्ञान के विद्यार्थियो को उनमे रोचक सामग्री उपलब्ध होगी।

इस संग्रह की अँगरेज़ी मे भूमिका लिखने के लिए हम प्रयाग विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफ़ेसर तथा अध्यक्ष श्री डॉ० बनारसीप्रसाद सक्सेना, के अत्यन्त आभारी है। अँगरेज़ी में लिखित भूमिका के साथ-साथ हिन्दी में भी भूमिका दी गई है। दोनो भूमिकाएँ दो भिन्न, किन्तु परस्पर पूरक, दृष्टिकोणों से लिखी गई हैं। पाठकों से निवेदन है कि वे दोनों का अवलोकन करें। श्री प्रकाशचन्द्र गुप्त और श्री 'मोहन' अवस्थी के प्रति भी हम अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं जिन्होने समय-समय पर सहायता प्रदान कर हमारा कार्य सरल बनाया।

हिन्दी विभाग
इलाहाबाद यूनीवर्सिटी
७ सितंबर, १९५९ ई०

संपादक

१

श्री लक्ष्मीकांत

अदना पत्र सरकार राजमान्ये राज श्री रघोजी भोसले सेना धुरंधर तहायें कला सचेत्रा के लैसली साहेब सुमासेन ईसमंती सेन मयाल फताहा सीरगुजीया के फीरीयाद हमारे हजुर आई। बरवे प्रात सीरगुजा के अमल है ते परंतु चुटीया नागपुर वाला के हातसा वरवे का अमल कर के पैसा लेते हुव ये बात अछी नहीं। मात सीरगुजा हमारा है। सो दरोबस्त सीरगुजा के अमल जाहा तोडी होवेगा वाहा तुम बोलने ही अवर चुटीया नागपुर के चौथाई हम लेते थे सो जब तुम्हारा अमल हुवा तब सो चौथाई मीलती नहीं। सो अब दरोबस्त दर साल हुई हजार के जमा अमानत रही है सो तुम्हारे सो बुझाये लेवेंगे अवर बरवे के जमादार साल हुई। साठ हजार तसलमात चुटीया वाले तर्फ है सो सकुजी भोसले ईन कुं दीलवायें देना। ईते रोज सो हम कुं मालुम नहीं था। बरवे वाले ने तुम कुंअरजी फीरीयाद लीखा सो अर्जी व प्रवाना चप्रासी के हात तुम ने भेजा तद वही अंजी व अपनी अंजी हमारे हजुर सीरगुजा वाले ने भेजे तद येकसां मालुम हुवा। अब तुम्हारे हमारे भाईचारा है अैसा नवाव व पेसवा कहते हैं। जो अंगरेज सो भाईचारा कर के हमारे काम पर चीत देते नही सो हम ने तुम से भाईचारा कर के तुम हमारे होके हमार प्रगन सीरगुजा के रहे थे सो तुम वट्टा का पैसा लेते हुव सो ना लेना। हमारे काम कुं घोटाई ना करना। हमार घाजगी प्रांत सीरगुजा के पाल के प्रगन उठारी के भया से बाच कर के जमा खाते रहे सो उस को तुमो ने कैद कर के पैसा मागते हव। तुम्हारे गया वाले का मसीभर अमल है। सो दोनों में गया वाले अगर हेदरावात के नवाब ये दोनो में कोई न लेना। हेदरावाद के नवाब बेलोजा के मोकरर जीमीन भाइ वाठाउठारी वाले के मसीयाव भर अमल है। मसीयाव के अमल तुम ने अगर कोई लेना उठारी के अमल हमारे है। पाल प्रगना हैई सो वहा तुम मत बोलना। अवर कोई बात की छेड़ाछेड़ी मत करना। छेड़ाछेड़ी करोगे तो बात बीगड़ जावेगी। ये बात गया वाले सीटन साहेब व हेदरावाद के नवाब ईन कुं कहलाय भेजना। उठारी की मामलत जगा हमारे सीरगुजा के पेठ मो रुजु करवाई देना और बरवे के अमल बदलना। नागवन सीघ कुं ताकीद कर के बरवा रुजु करवाये देना नहीं तो चुटीआ नागपुर की जगा खराब होवेगा सो ना करना। ये काम घातर सकुजी भोसले पठाया है सो मसाला

रुपये पाँच हजार तुम ने देना। ये पाँच हजार जे चुटीया नागपुर सों समुज लेना। संकुजी भोसले कहे सो प्रमान करना और सुकुजी भोसले ईन कुं २२ रोज रुपये पाँच षरच कुं देना। ये कहे सो मालुम करना। मीः आः सु० ७ सं: १८४९*

२ (क)

श्री श्री वासुदेव गये सहाये

नकल

श्री श्री वड़ा साहेव गरीव प्रवर सलामत।

आगे सरकार का खैर सलाह मोदाम रहा का वेहत्र चाहीअं जीममो हमारा बेहत्री होऐ। सरकार का अेकवाल सो हमारा पैर सलाह है। आगे हुजुर सो प्रवाना आ आवो मनोहर गांगोली आअे तीस सो हकीगत मालुम भजी। हुजुर का लीगनें वमौजीव सजावल को काम सपुरद कर दीआ। सुनने मो आआ की कपीतांन साहेव कुच करी कै वरदा डेरा आआ सो सुनकै हमारा जीव महाइत उदास हुआ। मो आपके मेहरवानगी सो कपीतांन साहेव तमाड आऐ। थोरा षजाना दाखील हुआ वौ मुवलक पैसा वाकी है। सो आप मेहरवानगी करी कै कपीतांन साहेव को लीषा जाऐ जो दो कोंपनी सीपाही तमाड तैनाथ रहे तो मुलूक वरजाऐ रहे वौ वाकी षजाना भी आदा होए। आगे प्रगनें नवागढ भोजराऐ भुइहार हमार नौकर है। सो तीन साल मो मालगुजारी ऐक पैसा नहीं दीआ वौ हमसो रुजू भी नहीं है। अब वरवै का राजा वौ सुरगुजे का राजा वौ जसपुर का राजा तीनो मो मीलकै भोजराऐ नीमकहराम हमारा परगना पैराल कीअे है। सो आप षावीन्द हैं। दो कापनी तीलंगा वौ ऐक तोपका हजुर सो हुकुम होए तो इस नीमकहराम को मार कै नीकाल देहि। साहेव षावीन्द है जीममो हमारा भला होऐ सो कीआ जाऐ। ज्याद अरज। मी० जेस सुदी ३ रोज संवत १८५२ साल—

अरजी महाराज श्री श्री देवनाथ साहु देव का—†

(ख)

नकल

श्री श्री वड़ा साहेव गरीव प्रवर सलामति

सरकार का षैर सलाह मोदाम का वेहत्र चहीए जीस्ते हमारी भला होए। सरकार के एकवाल से इहा षैर सलाह है। आगे कैफीयत पेसत्र दफेआत अरज लीया है

*Foreign Dept., 7th Jan., 1793, No. 25

†Foreign Dept., 24th Dec., 1795, No. 415

तीस्ते रौसन हुआ होगा। ऐक हजार ऐक रुपैंआ १००१) षजाना मौजुद हुआ सो हरसाल कीआ है बमौजीव चलान के दाषील होगा। गरीव परवर सलामत हमारे ज्मीदार जागीरदारों का उरगुलान हजुर मो षुव रौसन है। सो दो तीन ज्मीदार वसीआ वरह गैआ। दिवान जैकीसुन राए वौगैरहे तो नीकाले गओ थे। भोजराऐ नवागढ वाला वाकी था सो जेरवार हुआ था। परगना जगह सभवें अमल खराब हो गआ था। पहार भी अमल हो गआ था। ऐक पहार षोह मो रह गआ था। इसके वाद नवइआ राजा वो जसपुर परगना का राजा असला सुरगुजा वो सुरगुजा के राजे ने सभ मीली नवागढ का मदत कीआ। सभ मीली नरंगा करके नागपुर लुटने का इरादा रखा है। साक्ष सुवुह मे जाहीर होगा वलीक कासीर परगना मोतसील नागपुर वो सीकरी प्रगना दुइ प्रगना लुटे गए। वरवै ज्मीदारी हमारा अंगरेज वहादुर का अमला सो सुरगुजा नीचे करनें का इरादा वा धीन है। इसप्र सुरगुजा वाला भी दरपै है। जब तकी हमार मुलुक भर का वाल था अपना जागीरदार ज्मीदार तक तब तक हमही वहुत थे। अब दो तीन राज मोतफीक होंकै नरंगा कीआ है सो साहेव षावीन्द वाली मुलुक है। मुलुक कंपनी का है। हम वावस्ते दामन है। जो षत्र लीआ जाता है तो चुआडो का तंवीह होता है। हरी तरह मालगुजारी फरमावरदारी में हमारा वोहदें वराइ है। सो ऐक चकती कपीत्तान साहेव को आवै जो तवां तीर कंपनी वमौजीव दरखास्त के आवै तो कजीआ रफा हो जाता है। नही तो वडा रंजीस का वात आऐ लगा है। मोफसील वोकील जाहीर करेगे। पनाह दामन दौलत का है। जेआदा हद अदव। मा० जेठ सुदी ९ रोज संवत १८५२ साल

अरजी महाराजे श्री श्रीदेवनाथ साहदेव

३

राम १

नकल चीठी

ली० शाहुजी वो षाशी मेहत्र वो शाकीर मेहत्र जुमल पंच का शलाम। इहा खैर है। तुम्हारा खैर चाही जीश से खातीर ज्मा होइ। आगे म्हघु मेहत्र वो शाकल पंच को मालुम। महंघु मेहत्र तुम्ह शभ पंच को लेकर चले आवना। तुम्ह पंच तलवाना दीवो है जो कोइ मुल्हाइवो जा फेरा वो पचमहला वो धीनाइवो दुखन मेहत्र वो फेर अशीन चक जमनगढ सभ को जीई आवता। तलवाना का वात लगेगा शो तुम्ह चल आवना। ताकीद कर कर देर न होई। खत के देखते आवना। आगे वुध के रोज कलकता का प्रवाना पडा गआ है खुव वात होगा। शभ पंच के आवनें से

शवाल कीआ जाईगा। पंचमील अवकी वास है नहीं तो जेरवार करेगा। हुकुम नाम हो जागा*

४ (क)

मोहर अदालत
दीवानी जीला
बीहार १२-५०

हुकुम इसलहार जह कै पहीले इसके तारीख उनइसह १९ माह मइ शन १७९६ इशवी को बमौजीब चीठी मीशतर फररै साहेब कौलीकटर जीला बीरभुम के वाशते हाजीर होने राजाराम शाकीन मौजे बहादुरपुर परगने हवेली बीहार वो मोहीब अली शाकीन मौजे लहसुनां प्रगने शाहाबलीआ के शमना। इजहार उन्हो का शाहेब मौशुफ के इहा जरुर था। चीठी तलब उन्हो का मारीर पाआ था लेकीन उन्हो शे चपराशी के ताइ मुलाकात न हुआ। अब चीठी शाहेब कासल कलकता का लीखा हुआ पंदरही माह जुलाई शन १७९६ अगरेजी का इस मज-मुन से पहुचा के शाइद वै शभ इश डर शे के जीला बीरभुम के मंजील दुर है आना होगा मुलाकात चपराशीवो शे मुलाकात न दीहीन। वाशते दुर होने उर उन्हो के शाहेब कलकते से हुकुम दीहीन के अब इजहार उन्हो का बीच कचहरी अदालत दीवानी जीले बीहार के होगा। इस वाशते इशतहार वो। वो। डीढोरा दीआ जाता है के वे शभ इह डर बेजार को न रखें। कीश वाशते के अब इजहार उन्हो का बीच कचहरी अदालत दीवानी जीला बीहार के होगा चाहीइ के अपनो वेला इकठौ कर और मर्लाक माईन अरशो दश रोज के कचहरी अदालत दीवानी जीला बीहार के हाजीर होएँ। मतारीख २७ माह जौलाइ सन १७९६ इशवी मोतावीक ७ माह शावन शन १२०३ फशली को लिखा गआ†

(हस्ताक्षर फारसी लिपि में)

*Foreign Dept., 26 August, 1796, No. 303
†Foreign Dept., 22nd October, 1796, No. 393

(ख)

मोहर अदालत
दीवानी जीला
वीहार १२-५०

नाम तुम्हार केआ है	आतमाराम
कहाँ रहता है वो केआ काम करता है	वीरभुम मो रहते है वो कलकतर उश जीले के है तीन्ह के हम चपराशी है
जीले वीहार मो कीश वाशते आऐ हुव	सरकार के काम वाशते आऐ हैं
कवन शरकार वो कीश काम वाशते आऐ थे	तलव चीठी वनाम राजाराम के जीला वीरभुम के कलकतर के दशखत शो लाऐ थे
उअह हुकुम अमल मो ले आवने के वाशते केअ हुआ	जव हम चीठी शाहेव कलकतर का ले कर के इहा आऐ तव ईश जीले के चपराशी को हमारे कुमुक के वाशते तैनात कीआ गएआ। हजुर शो तव हम इहा का चपराशी के साथ वीहार गऐ। उहां शे काजी का आदमी शाथ ले करके मौः वहादुरपुर मो जहां उअह रहता है गऐ। उहां राजाराम नही मीला। ऐक कुशाध ने कहा जो शाहेवगंज गए आवा। कुशाध ने कहा जो दश रोज आगे अगर आवते तो पकरा जाता। अव घर मो नही है शाहेव-गंज गए आवा। उश के उहां इशतहार वो मोनादी फेरा गआ। जव उह नही मीला तव फीर के चले आऐ
जव तुम्ह शाहेवगंज उहां शो फीर के आऐ तव ईहा केअ हुआ	जव इहां फीर आऐ तव इहां भी चपराशी हजुर का उस के तलाश करने वाशते हमारे शाथ मीला। हम हजुर के

	चपराशी के साथ बहुत तलाश कीआ मगर कही ईहां भी राजाराम नही मीला
तुम्ह अपने दील मो जानते हुव जो कीश वाशते नहीं मीला	इवह हमको मालुम नही जो कीश वाशते नही मीला

फारसी लिपि में हस्ताक्षर आदि

(ग)

मोहर अदालत
दीवानी जीला
वीहार १२-५०

नाम तुम्हारा केआ है	हनुमांनदत
कहां रहते हुव केआ काम करते हुव	वीरभुम मों रहते है वो उश जीले के कलकतर के कचहरी में चपराशी हैं
जीला वीहार मों कीश वाशते आए हुव	मोहीव अली वो राजाराम ईन्ह दोनो असामीओ के गीरफतार करने के आऐ है
जब तुम्ह इंहा आऐ तब केअ हुआ	हजुर शो ईश अदालत का चपराशी हमारे शाथ उश के गीरफतार करने वाश्ते तैनात हुआ वो काजी प्रगने के आदमी को शाथ ले कर के मौः लहशोना जहां मोहीव अली रहता है जा करके उश को तलाश कीआ न्हीं मीला। उश गांव के लोग कहने लगे जो इहां शो भाग गएआ
फेर तव केआ हुआ	आखीर काजी ने अरजी हजुर के वाशते लीख दीआ। तव हम चले आऐ
उस गांव मो ईशतहार फेरा गएेआ था	ईशतहार वो ढींढोरा फेरा गएआ था तब भी न्हीं मीला
तब केआ हुआ	फेर उहां शों फीर कै साहेबगंज आऐ
तुम्ह अपनें दील मों जानते हुव जो कीश वाशते भाग गए आ	हम नहीं जानते

तुम्ह जानते हव जो उशके पकरने वाशते आउर भी कुछ नकशा हो शकता है	अब केआ हो शकता है

(घ)

मोहर अदालत
दीवानी जीला
वीहार १२-५०

नाम तुम्हरा केआ हे	आतमा राम
कहां रहता हैं वौ केआ काम करता हैं	वीरभुम मो रहते है वौ कलकतर उश जीले कैं हैं तीन्ह के हम चपराशी हैं
जीले वीहार से कीश वाशते आऐ हव	शरकार के काम वाशते आऐ हैं
कवन शरकार वौ कीश काम वाशते आऐ थें	तलव चीठी वनाम राजाराम के जीला वीरभुम के कलकतर के दशखत वो लाऐ थे

मोहर अदालत
दीवानी जीला
वीहार १२-५०

उह हुकुम अमल मो ले आवने के वासते केआ हुआ	जव हम चीठी शाहेव कलकतर का लेकर ईहा आऐ तव इस जीले के चपराशी को हमारे कुमुक के वाशते तैनात कीआ गआ। हजुर शाहेव हम इहां का चपराशी के शाथ वीहार गऐ। उहां काम का आदमी शाथ ले कर कैं मौ० वहादुरपुर मो जहां उह रहता है गऐ। उहां राजाराम न्ही मीला। ऐक

	कुशाथ में कहा के शाहेबगंज गआ। ऐ कुशाथ में कहा जो दश रोज आगे आगर आवने तो पकरा जाता अब घर भी नही है। शाहेबगंज गएआ बाद उस के उहा इश्तहार की मोनादी फेरा गआ। जब उह नही मीला तब फीर के चले आऐ—
जब तुम्ह शाहेवगंज उहा शो फीर के आऐ तव ईहा केआ हुआ—	जब ईहा फीर आऐ तब ईहा भी चपराशी हुजुर का उसके तलाश करने वाशते हमारे शाथ मीला। हम हुजुर के चपराशी के साथ बहुत तलाश कीआ मगर कहीं ईहा भी राजाराम नही मीला
तुम्ह अपने दील मो जानते हुत्र जो कीश वाशते नही मीला	इअह हमको मालूम नही जो कीश वाशते नही मीला

हस्ताक्षर आदि (फ़ारसी लिपि)

५

(फ़ारसी लिपि में) १२०० उमेदराय

(फ़ारसी में)

× × ×

शवाल शाहवे मजशरट शौ—
तुम्हारा ईजहार कौन हरफ मो लीखा जाए
जवाब
हमारा ईजहार हीदुवी मो लीखा जाऐ
चुनाराम ने जाहीर कीआ जो हम पर

मोहर नालीश कीआ है शो शभ झुठ
है। दावा अपना शावीत करे

(फ़ारसी में)

× × ×

शवाल शाहेव मजशटरट के तरफ शो
तुम्हारा इजहार कौन हरफ मो लीखा जाऐ
जवाव
हम हीदवी वात वोलते है

आग आइ जाहीर कीआ की ऐशोका माह शावन था। दीन तारीख इआद नही है। एक घरी दीन चढा था। तब हम दारोगा रामलोचन के पाश रोजी के वाशते जो दशतक चीठी ढोते है गए थे। उहा शो अपने घर को चले। जव दारोगा के दरवाजा प्र वाहर आऐ तव देखा जो रधीआ मोहन मुद्दइ का छोकरी रोती चली आव है। तव हम देखा औ चीन्हा जो रधीआ है। तव कहा जो रोती कहा जाती है औ काहे रोती है। तव कहीश जो मोहन के कवीला ने मारपीट कीआ है और मोहन भी मारा है शो दारोगा की हा नालीश करने जाते है। तव हम डांटा जो की वह नालीश करने जाती चल हमारे घर हम मोहनशीघ को डांटेगे। तव हम अपने घर ले गए। वाद इसके मोहनशीव की हां जाऐ के कहा जो तुम्ह अपना छोकरी जो कीवो मारपीट करते हो। नालीश करने जाती थी हम फेर के अपने घर लाऐ है। तव मोहन हमारे घर रधीआ को लावने चला। हमारे घर गआ तव नही देखा जो रधीआ कहां गइ है। तव हमारे कवीला कहा जो नोनी कांमीन की हां जाऐ के रही है। तव हम दोपहर शो कुछ वेला कम था तव जाऐ के देखा जो शच नोनी कामीन की हां है। तव मोहन अपने घर गआ। वाद इशके शाम को हम तालाव शो हो के दारोगा के दरवाजे प्र पहुंचे औ नुनी कामीन वजार शो उहां पहुंची औ मोहन भी अपने घर शो उहा, उश ही वखत आ आ। तव हमारे रुहवरु मोहन कामीन शो कहा जो हमारे छोकरी को कीवो रखा। तव कामीन कहा जो हम छपा के न रखा है आप ही हमारे घर मो आइ है। तव मोहन हमको शाथ लेके नुनी के घर गऐ। उहा रधीआ शो मुलाकात हुआ। तव मोहन कहा जो रधीआ चल। तव उअह कहा जो हम तुम्हारे घर नही जाहीगे। तव हाथ पकर के मोहन खैंच के उठा के गाली देते ले चला औ रधीआ भी रोती चली। जव दारोगा के दरवाजे प्र जो उश दरवाजा के शामने जाने का राह था पहुची तव नही गइ। वहुत रधीआ गुल कीआ औ मोहन वहुत उशको गाली दीआ। तव रधीआ कहने लगी जो हमको पहले भी मारपीट कीआ गाली दीआ अव भी इहा मोहन मारता है गाली देता है। तव वहुत जो गुल हुआ तव दारोगा के मकान शो चुनाराम वरकंदाज आऐआ औ कहा जो कौन गुल फशाद कर रहा है। अव ही दारोगा वहुत गुल शुना है शो चलो दारोगा के पाश। तव रधीआ कहीश जो हमको

मोहन मारपीट कीआ। गाली दीआ है शो इहा शो हमको जोर शो ले जाता है औ गाली देता है। तीश प्र चुनाराम रधीआ को औ मोहन को दारोगा के पाश लेगआ। तब दारोगा पुछा जो कौन गुल करता था। तब रधीआ कहा जो हमको मोहन गाली दीआ औ मारपीट कीआ है शो अब ही तुम्हारे दरवाजे शो पकरे जाता था शोइ गुल करते थे। तब दारोगा मोहन को कहा जो कीवो मारपीट करता है। तब हमारे रुबरुह मोहन कहा जो हमारी लौंडी है हम नही मारहीगे। तब दारोगा कहा अब ही जाव काल्ह इश को बुझहीगे इश वखत रात हुआ। तब रधीआ को मोहन कहा जो चल। रधीआ कहीश जो हम नही तुम्हारे घर जाहीगे रुपा के घर जाहीगे। इश प्र मोहन रधीआ को छोड दीआ। रधीआ हमारे घर न गइ। मगर हम देखते थे ओ नोनी कामीन के घर गइ। हम एतने जानते है। शेवाऐ कुछ नही जाने

शवाल मुदइ शो

जब हम डेढ पहर रात जात दारोगा की हां गऐ थे तब दारोगा ने हम को गरदनीआ देके नीकाल दीआ औ राधा को अपने मकान मो रखा था इआ नही

जवाब

हम डेढ पहर रात की बात नही जानते है औ न देखा जो राधे को दारोगा अपने पाश इआ मकान मो रखा है

शवाल शाहेब मजशटरट शो

बडे फजीर उशके रधीआ दारोगा के पाश गइ थी तुम्ह देखा था

जवाब

बडे फजीर दारोगा की हा न गऐ औ न उहां रधीआ को देखा था

शवाल शाहेब मजशटरट शो

मोहन का घर औ तुम्हारा घर केता तफावत प्र है

जवाब

हमारे घर शो मोहन का घर जैशे कचहरी का मकान शो शीपाही लोग को गारद का मकान है ऐतनै तफावत है। अशी कदम तफावा होगा। उसके दरमीआन मो शीरीफ दारोगा का घर वो बाडी है औ मोहन का घरबारी है—

शवाल

तुम्हारे रुबरुह बाद ही मोहन रधीआ को मारा है इआ तुम्हारे शो आउर भी रधीआ कदही कहीश था जो मोहन मारपीट कीआ है

जवाब

इसके शेवाऐ आउर कदही मोहन को मारते रधीआ को न देखा औ न कुछ राधे कहीश था औ न शुना था। मगर जब शो अबरीक राधे शो कजीआ हुआ तब शो रधीआ का कंचनी वैरागीन के पाश जाके रही है औ उश शो कुछ इलाका है इआ नही है हम नही जानते है। कंचनी बैरागीन है—

(फ़ारसी लिपि में)

× × ×

शवाल शाहेब मजशटरट शो
तुम्हारा इजहार कौन हरफ मो लीखा जाऐ

जवाब

हमारा इजहार हीदवी मो लीखा जाऐ हीदवी बोलते है। शेख बंगु गोआ इ जाहीर कीआ की ऐ शों का शावन महीना था दीन तारीख इआद नही है। शाम को हम रामलोचनदत दारोगा के पाश शलाम के वाशते गऐ थे तव उस वखत देखा जो रधीआ रोती कांदती दारोगा के पाश गइ औ उश के शाथ मोहन भी गआ था। तव दारोगा कहा जो कौन रोती है औ गुल करती है तव रधीआ कहा जो हम को मोहन के जनाना मो मारा है औ गाली दीआ है औ मोहन भी गाली दीआ है शो इस वखत जोर शो पकर कँ ले जाने चाहते है। तव मोहन दारोगा शो कहा जो कोइ इशको मारा नहीं है रुठ गइ थी शो लीऐ जाते थे। तव दारोगा कहा जो इश वखत जाते जाव रात हुआ। भला वडे फजीर इश वात को वुझेगें। तब मोहन हमारा हाथ पकरा औ कहा जो देखो भाइ घर का छोकरी है उश कों जो मारेगें तो दारोगा उश को भी शमुझने चाहते है। तव हम कहा जो भाइ अइआम अँसा ही है। फीरंगी का वखत है। अव तो अँशा है जो औरत खशम प नालीश करे तो उअह नालीश भी सुना जाता है। ऐतने जानते है। वश उश वखत राधा भी मालुम नही जो कहां गइ औ मोहन भी चल गआ। हम भी अपने घर चले गऐ

शवाल मुदइ शो

उश वखत दारोगा राधा को अपने मकान मो न रखा औ हमको अपने आदमी शो न नीकाल दीआ था

जवाब

षैरपाही मैं हाजिर रहैं। इस वास्ते ता: १५ जुलाई सन १८०४ ईसवी को देहात परगने पवई के औ ता: १२ सितंबर सन मजकुर कौ देहात षास हरिन के भी वा मंद नजर हंक राजा मौसूफ के परवरिस वा मुतवसिल नेवाजी की राह से राजा मौसूफ कौ इनाइत हुवा। इन दिनौ राजा मौसूफ दरषास्त इकताई होने की किया। इस वास्ते सनध माफी देहात मुफसले जैल साविक वाहाल के राजा मौसूफ को दिही गई। जब तक राजा मौसूफ वा आल औलाद उनके इकरारनामे के दफेन पर की हाल मै गैरा दफे का दाषिल किया है साविक वा काईम रहैगे देहात मुफसले जैलके सब हंक हकुक माल वा साईर वा आवकारी सुंधा पुस्तदरपुस्त वा साषदरसाष कौ वहाल वरकरार रहैगा। चाहियै की चौधरी कानुगो वगैरा राजा मौसूफ को मालिक मुषत्यार मजबूत गावन का जानौ औ राजा मौसूफ को लाजिम है कि गावन मजकुर कौ तरंदुत आवाद करकै रैयत कौ राजी सुकरगुजार रष कै अमल उस का सरकार के तावेदारी वा षैरषाही मै रहि कै अपने तसंरुफ षर्चे मे करै—

पंचत्र मौजे
१५०

देहात परगने पनवारी—
५२

जैनपुर १	अजनर १	आरी १	वंचवरा १
वमनौरा १	पोही १	कंरा १	म (गरि) या १
वडखेरा १	पुरवा १	नगारा १	षुरदा १
वुदवारौ १	सगुनिया १	इदाहटा १	विजौरी १
अमरपुरा १	टिकरिया वुज: १	रजौनी १	हसूला १
थुरहट १	लमौरा १	वुदौरा १	पचा (स) १
कैथौरा १	ममरौल वुज: १	गुठा १	मुडारी १
सारंगपुरा १	दादरी १	मवैया १	महुवाबांध १
(माह) रिया १	लोहेडी १	पेरिया वुजरक १	रामपुरा १
पिपरा १	अकौना १	षेरिया षुर्द १	वछे (परवर)

अरगटमड	भगारी	रगौलिया वुज:	वगौरा
१	१	१	१
अतनिया	जैलवारौ	परानरायन	छितरवारौ
१	१	१	१
(वो) रा	घुटई	भगौरी	भुजपुरा
१	१	१	१

देहात परगने पवई—————
८३

सिमरिया गठी सु:	तिवरा	विरासिन	चडरा
३	२	२	१
हीरापुर	वडरषेरा	नादिन	कुलुवा
२	२	६	१
लिदरी	वनभई	निवारी से वाईस नध राजा केसो रास:	मजरा
२	१	१	१
हरदुवा	घुटरिया	गरलगा	टहनगा
१	१	१	१
षैरी	षैरा वगराम ललारौ		पिडरिया
१	१ १		१
पटनाषुर्द	रैंकरा	ठिमरी	कोनी
१	१	१	१
वैरगठा	सरापुरवा	हरदुवाक्यानपार	मडानवा मिसरिया
१	१	२	२
तिरहुपिपरिया	झरकुवा	वडरिया खुई	सौगरा
१	२	१	१
जैतुपुरा	छीपाजसुतपुरा	षिरवासे : सन राजा किसोर सिंघ	जजगल
१	१२	१	१

छिवलासे : स :

राजा किसोर सिघ	षटारी	ककराही	वरदाकेवरवा
१	२	१	४
		जमुरिया,	कोथी
		१	१
		इटहाखरो	आवरीखेरो
		१	१
सिगरा	रकासिहावुटा	भैसवाही	वाधा
१	२	१	१

करहरी	षजुरी	सपतैया षु वु:	घरकपाटी
१	१	२	१

पुरहटा	पैरखादौ
१	१

देहात परगने परहोव पेरष दानै हरिन को—
१५

सतरहो	नैरा	सिषुपुरा	पटी	षम्हरिया	भभका
१.	१	१	१	१	१

चौडरा	सिलददा	कल्यान पुर सै: टपकना सं. रा: किसोर सि०	वो सरार
१	१	१	१

तरीछा	मडग वाराजवान	सलैया	अकला
१	१	१	१

ता: २० माह सितंवर सन १८१२ ईसवी मुताविक भादौ सुदि १५ संवत १८६९ सन १२१९ फसली—*

१२७

चौधरियान वा कानुगोयान वा जिमीदारान परगने पतवारी वा पवई वगैरा मुतालकै मुलुक वुदेलषंड के मालुम करे आपर राजा केसरी सिंघ जैलपुर के सिरदार हकदार इस मुलुक कै औलाद राजा जगत राज के ई सै पहिले सरकार दौलतमदार मै हाजिर हो कै करारनामा तावेंदारी दफे आठ का अपने मोहर दसषत से दाषिल कर कै वावन गाव पनवारी के माफी मै पाये थे सो सरकार के तावेदारी षैरषाही मै हाजिर रहे। इस वास्ते ता: १५ जुलाई सन १८०९ ईसवी को देहात परगने पवई के औ ता: १२ सितंवर सन मजकुर का देहात षान हीरन के भी वा मंद-नजर है के राजा मौसूफ के परवरिस वा मुतवंसिल नेवाजी की राह पे राजा मौसूफ को इनाइत हुवा। इन दिनौ राजा मौसूफ दरषास्त सनव इक आई होने की किया। इस वास्ते सनद माफी देहांत मुफसले जैल साविक वा हाल के राजा मौसूफ कौ दिइी गइी जव तक राजा मौसूफ वा आल औलाद उन के इकरारनाम के दफेन पर की हाल मै गैरा दफे का दाषिल किया है सावित काईम रहैगे देहात मुफसले जैल के सव हंक हकूक माल वा साईर वा आकारा सुवा पुस्तदरपुस्त वा साष दर साष कौ वहाल वरकरार रहैगा। चाहियै की चौधरी कानुनगो वगैरा राजा मौसूफ कौ मालिक मुषत्यार मजवूत गावन का जानौ औ राजा मौसूफ कौ लाजिम है की गांवन मजकूर कौ तरदुत आवाद कर कै रैयत कौ राजी मुकरगुजार रष कै अमल उसका सरकार के तावेदारी वा षैरषाही मै राहि कै अपने तसरुफ पर्च मे करै—

*Foreign Dept., 20 Sept., 1812, No. Nil.

येकत्र मौजे १५०

देहात परगने पनवारी
५२

जैतपुर १
षोही १
नगारा १
विजौरी १
थुरहट १
मगरौलबुज: १
मवैया १
रामपुरा १
अरगटमुड १
जैतवारी १
भगौरा १

अजनर १
कंरा १
पुरहा १
अमरपुरा १
लमौडा १
मुग १
मुहवावांध १
पिपरा १
भगारी १
परानरायन १
भुजपुरा १

आरी १
मगरिया १
बुढवारौ १
टिकरिया बुज: १
बुदौरा १
मुडारी १
वसहडिया १
बकौना १
रगौलियाबु १
छिलवारौ १

बचेवरा १
बडषेरा १
(म) गुनिया १
रजौनी १
षचारा १
सारगपुरा १
लोहेडी १
षेरियापुर्द १
वगौरा १
वौरा १

नमनौरा १
पुरवा १
इंदाहटा १
हसूला १
कैथोरा १
दादरी १
वेरिया वुजरक १
बछेछर बुज० १
अतमिया १
छुटई १

देहात परगने पवई
८३

सिमरियागनसु ३
हीरापुर २
वनभई १
षुटरिया १
पैरा १

तिखरा २
बडषेरा २
नेवरी सेवाई सनध राजा किसोर सि: १
गरलगा १
वगरामंल्लवारौ १

नादिन ६
मजरा १
टहनगा १
षिडरिया २

विरासिन २
कुलुवा १
हरदुवा १

चडरा १
लिदरी २
षैअ १
पटनाषुर्द १

रेकस	ठिमरी	कोनी	वैरगठा	संरापुरवा
१	१	१	१	१
हरदुवा बगलपार		मझगवा पिपरिया		तिरहुपिपरिया
२		२		१
करकुवा	पडरियापुर्द	सौगरा		जैनपुरा
२	१	१		१
छीपाजसुनपुरा	षिरवा से : स : राजा किसोर सिंघ			जजगाव
१२	१			१
छिवला से : स : राजा किसोर सिंघ	पचारी	ककराती		नरदा के पुरवा
१	२	१		४
		जमुनिया		कैथी
		१		२
		इटहाखेरा		आवरीषेरो
		१		१
सिंगरा	रकसिदावुढा	भैंसवाही		वाधा
१	२	१		१
करहरी	षमूरी	सर्वत या षुवु		धरकवाटी
१	१	२		१
पुरहटा	षैरवारौ			
१	१			

देहात परगने वरहो पचेर षदानैहीरन की
१५

सतरहो	मैरा	सिंघुपुरा	पटी	षम्हरिया
१	१	१	१	१
भभका	चौडरा	सिलररा		कल्यानपुर मै : स : रा : किसोर सि :
१	१	१		१
टपकनां	वोसरार	तरौछा		मझग वा राजषान
१	१	१		१
सवैया	अकला			
१	१			

ता : २० माह सितंवर सन १८१२ ईसवी मुताविक भादौ सुदी १५ संवतु १८६९ फसली—*

*Foreign Dept., September, 1812

१२८

आपर हम राजा केसरी सिंध जैतपुर के की सिरदार हैकदार मुल्क बुदेलषंड के औलाद राजा जगत राज के है। जबसे करारनामा तावेदारी दफे ८ आठ का वषत मिलने वा बनगाव जैतपुर वगैरा परगने पनवारी सरकार दौलत मदार कंमिनी अगरेज बहादुर से बीच सरकार मौसफ के अपनी मोहर दसषत से दाषिल करकै तावेदारी सरकार कै दिलजान से अषत्यार करकै सरकार के मुतवैसिलौ तावेदारौ मै दाषिल भये औ अब तक करारनामा के दफेन पर काइम सावित रहि कै थोरी वा बहुत तावेदारी वा फुरमावरदारी से वाहेर नही भये बीच वषत इकतदारूदौलै मुतजैमुलमुल्क मिस्तर जान रचारडसेन साहेब बहादुर बसालत जैग के गावै परगने पवई वगैरा का की सरकार से परवरिस मुतवैसिलनेवाजी के राह से हमको मिले। साहेब मौसूफनै दुसरा करारनामा तावेदारी का हमसे मागा। सो वास्ते मजबूती तावेदारी वा फुरमावरदारी सरकार दौलत मदार कंपिनी अगरेज बहादुर के करारनामा दफे आठ ८ का ८ साविक के वाद दफे ३ हालके ग्रेकत्र दफे ११ मोहर दसषत अपने से सरकार मै दाषिल करकै करार करते है की इस करारनामा की दफेन पर सावित काईम रहिकै कधी ई से तफावत ना करै——

दफे अवल

१

किसी वाहिर वा भितरे मुलक बुदेलषंड से फसादी के साथी न होई औ हमेसा तावेदार वा हुकमवरदार सिरकार दौलतमदार अगरेज बहादुर के रहै छोटी वड़ी तावेदारी हुकमवरदारी ना छोडै——

दफे दोयम

जो हमारे कुवर भैया नतैत अगरेज बहादुर की जागा मौ फिसाद करै तौ मने करै कदा व ना मानै तौ अगरेज बहादुर के फौज मै भेले होकै सजा देई——

दफे ३

जो सरकार दौलत मदार की रैयत भाग कै हमारी जागा मै आवै उसको पकरकै सरकार के नोकर के आदमिन के हवाले करै। अगर सरकार के मानस उसके पकरवै कौ हमारी जागा मै आवै हम रोक टोक ना करै बलकिन उनके साथी होकै भगैया को पकर देई

दफे ४

चोर वा ठग कौ अपनी जागा मै रहने ना देई। अगर माल कोई सौदागर वा राहगीर कौ हमारी जागा मै चोरी जाई या लूट जाई उस गाव के जिमीदार पर तागीद करकै माल चोरी वा लुटे का दिलाई देई या चोर वा लूटने वाले कौ

पकरकै सरकार दौलतमदार मे पहुचावै औ जो कोई सरकार के मुलक मै षून करकै या दुसरे तरासे गुनागार होकै हमारे गावन मै आवै तौ उसको पकरकै सरकार मे पहूचाई देई——

दफे ५

सिरदारै मुलक वुंदेलषंड के जो कोई तावेदारी वा फुरमावरदारी सरकार दौलत मदार के से फिरै अगर नतैत हमारा भी होई तौ उसे मुलाकाद लिषा पढी माकुप करै औ कोई मुतवंसिल वा लरके वाले उसके कौ जगा रहने को ना देई——

दफे

६

अगरेज वहादुर के किसी मुतवंसिलान से झगरा न करै औ मुतवंसिलान कोई हमसे झगरा करै सरकार के सिरदारन कौ सुनावै तौ सिरदारै सरकार के उस कजिया कौ मालुम करकौ फिसाद रफा कर देई————

दफे

७

फौज सवार प्यादा की माफ्क जलूस सवारी वा तहसील गावन के रेषै ज्यादा ना रैषै। ज्यादा सरकार के सिरदारन की परवानगी विगर नौकर ना रेषै————

दफे

८

इकरार करते है हम औ रजावंदी षूसी से लिषे देते है की कवहू जैतपुर के किले से किसी तरा इलाका ना रषै औ अपने आदमिन कौ आस पास किले के फटकने ना देई। हम औ मरंमत किले मजकूर की ना करै हासिल या है की किसी तरा का इलाका अपना किले के साथ ना रैषै। हम अगर वरषलाफ इस करार के कोई वात जाहिर होई तौ लिषे देते है की सव गाव हजूर की सनध मै लिषे है फिर सरकार दौलत मदार मै जपत होई———

दफे

९

वदौवस्त घाटी इलाके अपने की इस तरासे करै की कोई फसादी वा लुटेरा वा दुसरे सरारती उस राह से आने जाने ना सकै औ किसी तरा से कोई फसादी कौ ना छोडै की उस राह से मुलक सरकार मै या मुलक मुतवंसिलै सरकार के जाई कै फिसाद वरपा करै। अगर कोई सरदारै तरफ मुलक महरु सै सरकार से फौज सुधा राह इलाके हमारी से कस्त मुलक सरकार के करै षवर उसका पहिले पहुचने नगीच मुलक अपने के सिरदारै सरकार के पहुचावै औ अपने मकदूर माफक उसके वंद करने मै कोसिस करै———

दफे

१०

जिस वषत फौज सरकार दौलत मदार कै घाटी इलाके हमारी से उपर घाटी के या किसी तरफ जावै हरगिज मना मुजाहिमत ना करै वल्क आदमी मातवर वाकिव-

कार साथ करें तौ जिस राह से चाहै जाईं औ जव तक फौज सरकार दौलतमदार की हमारे इलाके मै या इलाके दूसरे के नजीक हमारे रहै रसद असवाव जरूरी लसगर मे पहुचावते रहै——————

दफे

११

येक आदमी मातवर मुर्करर करै की हमेसै सरदारै सरकार के पास हाजिर रहिकै वतौर वकालत वीच वजा ल्यावने हुकम सरकार के हाजिर रहै औ किसी सवव से सरदारै सरकार के वीच वदले उसके फुरमावै तुरत उसको हम वदल कै और को मुर्करर करै औ या इकरार नामा दफे गेरा का अपनी मोहर वा दसपत से दापिल दफदर सरकार के किया हम करार करते है की दफात मजकुरैन के हमेसै अमल करै उसे तफावत ना करै——————

तारीष १३ सितंवर सन १८१२ ईसवी मुताविक भादौ सुदि ७ सं० १८६९ सन् १२१९ फसली*

१२९

मोहर अदालत फेजदारी दारल-खलफे सहजनाहा-वाद समंत १८६९

हुकुम इस्तहार और ढढोरा दिया जाता है कि कोई वीच मुलक सरकार दौलत मदार अगरेजी लौडी और गुलाम परीदारी न करे और इस कांम बुरे सै परहेज करे। और वर तकदीरसानि नहाल लिषने तारीष इस्तहारनामे की सै कोई मुलक सरकार के लौंडी और गुलांम और जगैसै ल्याय कै वेचेगा और जो षरीदेगा दोनो वेचनेवाला और षरीदनेवाला लायक सजा के होगा और वाद लिपने के लौडी और गुलांम सरकार के मुलक सै ल्यावेगा और उसकू वेचना कहेगा या वेच देगा तो उस्सै उसकू अजात किया जायगा। वोह मालिक है। इसमै ताकीद जानो।।इति।।

२ सितंवर सं १८१२ ईसवी २४ स्यावान

१२ भादों दिन वुधे सं १८६९ विक्रमी

व जुनाव षुरसैंदरेकाव नवाव मोस्तता मालादेलकाव असरफुल असराफ जनाव गवरनर जनरल साहव वहादुर दाममुलकहु†

*Foreign Dept., Oct., 1812, C B. p 1181

†Foreign Dept., Persian Letter Received 8th Nov., 1812, No. 572

१३० (क)

१

नकल श्री साहेब वाला मुनाकिव श्री साहेब आलीसान श्री मिस्तर जान वाकिफ साहेब वहादुर जु येते सिधि श्री महाराजाधिराज श्री महाराजा श्री राजा वहादुर जैय सिह देव जू देव के वांचनै। आपर आपके स्माचार भले चाही। इहा के स्माचार भले है। षत आवा। हवाल मालूम भा। डाक के वास्ते लिषा सो आपके तरफ से सव वात कै षातिर ज्मा है। वा लेकिन या मुलक वेसमुझ है। डाक के आदमिन ते औ कौनौ जिमीदार ते ना वनै तो इलजाम सव हमारे उपर आवै। येही वास्ते आपकौ कईउ वेर लिषते है। औ हमारी कंपिनी की दौस्ती पुसतैन चली आई है। अव हमारै वीच का अहदनामा होईगा। अव याकै तते कौनौ वात का जुदाना समझ औ आपके तरफ का सव वात कै षांतिर ज्मा है। औ उजियार सिह वास्तै लिषा सो उहा टिकै न है। रही दुई चारि रोज मा वकील इहाते आई सो लसगर दाषिल होई। कवितान साहव का कौनौ वातते अटक ना होई। आपन दोस्त जानि षत लिषत रहव पौष सुदि १ का सं० १८६९ मुकाम रीमा*

२ (ख)

नकल श्री मेजर वाला मुनाकिव श्री कवितान पाटीसेन साहेव वहादुर जू येते श्री महाराजधिराज श्री माहाराजा वहादुर जैंसिघदेव के वाचनै। उहाके स्माचार भले चाही जै। इहा के स्माचार भलै है। पाती आई। हवाल मालूम भा। डाक के वास्ते लिषा सो जेतना हदनामा मा लिषा है ते मा हम काईम है वो रहवल। श्री वडे साहिव के पत ते मालूम होई। अपना दोस्त जान कै हर हमेस षत लिषत रहना और चारि रोज का श्री उजीयार सिघ कै विदा कै देव सो कुछ हवाल करै का है और हवाल मजकुर के कहे ते जानव। पुस वदि ४ संवतु १८६९ मुकाम रीमा————

३ (ग)

नकल श्री साहेव वाला मुनाकिव श्री साहेव आलीसान श्री मिस्तर जान वाकिव साहेव वहादुर जु येते सिधि श्री महाराजाधिराज श्री महाराजा श्री राजा वहादुर जैंसिघदेवजू देव के वाँचनै। आपर आपके स्माचार भले चाहि। इहा के स्माचार

*Foreign Dept., January, 1813, Nos. 90—98

भले हहि। आपर षत आवा। हकीकत सव जाहिर भै। सो हमारि औ अगरेज कै दोस्ती पुसतैन चली आई है। ते पर अव अहदनामा लिषिगा और दोऊ कैतते कवूल भा। सो हमै वहै वात करै का है जे मा दोस्ती पूरि होई। औ जेतना अहदनामा मा लिषिगा है हमै ओतनै करैका है। सो नवई दफा मा साफ लिषा है कै जहा पिंडारन की राह बंद होई चदियाकौडिया के नगीच की और घाट मा जहा हमारे औ साहेव कमान के सलाह मा आवै तहा छावनी होई। हमारे मुलुक मा होई या और के अमल मा होई जहा ते राह बंद होई तहै छावनी होई। सो हम तेही वात पर जागा निरुप कीन। भले आदमी पठवाते जागा निरुपि आये। सो येकतौ पहारी वेलदरा वहुत अछी जागा नदी के उपर वीच राह मा औ येक जागा चदिया के लगे वडा गाव है। हमारे वीच मुलक मा है। तहा वहुत अछी जागा है। ते दुई जागा मो जहा सल्लाह मा आवै तहा वडे आदमी व कील फौज मा पठवा सो पहारी वेलदारा के छावनी मा हमारि मंदत पहुचति औ मैहर कै मदन पहुचति औ उचहरा कै मंदति पहुचति। औ हमारे मुलक मा औ वीच राह मा है सो जगा देखि आये। रहा या ना जाना धौका। सलाह किहिनि धौका हेते ना मने आवा औ दुसरी जागा जौन चदिया के लगे है तहाभरिकोऊ-गावैनाभा। उहाते दोउ राह बंद होती है। औ वीच हमारे मूलक मा है। सो वहुत तराते कहा। हमारा कहा ना मानि निवहुरि कै षरवाही के नगीच डेरा किहिनि औ ईहैं छावनी कै ततवीर करैं लागी या हम ना समझा की हमारी सलाह मेटि के धौके के सलाह ते इहा छावनी विचारिनि औ हमै या अजम दिहिनि की अपने मुलुक मा छावनी नही करे दैति औ परवाही ते छा कोस राह है ते छा कोस कै षवरिनि ना पैहै। राह को रोकी। सो जव ईन ना कहा मना तव अपनाका लिषा काहेकीजे मा अपने का इलजाम ना आवै। औ रसद गेल्ला का हमका लिषिनि सोह हम ततवीर कैहीन रहा। या वडा अंदेसा है की इहा की छावनी मा कुछ ठिकान नही आई। पिंडारेन कै षवरिन ना मिली औ जो हमईहाछीदी तौ जवरई तागै। दोस्ती मा वीच परै ते अधिक नही कहा। अपनै का लिषा औ रसद गैला सव पहुचाये गयल सो हमारी सलाह मा तौ अस आवत है की येक जना भला आदमी अपने हजूरते विदा करी औ येक भला आदमी हम विदा करी। जहा अछी जागा होई औ पिडारै औ फिसादी कोऊ होई तिनकरि राह बंद होई और फौज वहुत षुसी मा रहै। औ जहा जस काम लागै तहा तस हमारि मंदति पहुचै। सो जागा निरुपकै तहै छावनी होई। सो सलाह कै कै काहू भले आदमी कै विदा करवनेह मा हमार साच औ षिलाफ मालुम होई। औ फारसी वाला इहा नही रहा तेहते षत कै दिरंगी भै। और ईहा सव अछा है। औ अपने इहा का हवाल मेहरवानगी समेत लिखावत रहव। मि: पौष वदि ८ सुके कह संवत १८६९ के मुकाम रीवा——————

१३१

श्री साहिब वाला मुनाकिब श्री अलीसान श्री मिस्तर जान वाकिब साहेब बहादुर जु येते श्री महाराज कोमार श्री दिवान बहादुर गोपाल सिंघ जु देव के बांचने। आपके सुभ स्माचार सदा भले चाहिजै। ता पीछे इहाके स्माचार भले है। आपर षत आयौ। महिरवानगी जानी। मौजे नरेडी बावति मरजी आइी के स्यासा बारे राव अनुधसिंघ नै अरजी दइी ताकी हकीकति पाहै कै मौजे मजकूर हमइजारे लये है सो जो परवीन आगे कौ मेडौ है तिहि बावति जुवाब स्वाल करो है। मो कजाति सिरकार कौ उनकौ उसइी बगसवे मैं आवै तौ हमैं का करने है इजारे माफक ज्वाब स्वाल करो हतो अरु आजतै उननै अरजी मौजे मजकूर बावति सरकार मैं दइी अरु छै सात सौ की जिमी सालटकी स्वासा मैं दवी है अरु सु पालाडपुर करहरा मै जिमी दवी है सो चार गाउ मैं मौजे मजकुर की जिमी दवी है सो गाउ तो सरकार हमैं दये हैं अरु जिमी चार गाउ मैं दवी है सो अमल नौ जिमी लौ होत है सो नाउ मात्र तौ गाउ हमकौ सरकार दये है अरु अमल चार गाउ मै होत है। सो सरकार इी विचार देष है अरु अरज तौ मेडन वावति हम कैइक बार लिषी है सो मेडन कौ हिसाब सरकार कौ कर दवो चाहिये अरु राजा रघोजी की जिमी के ठोरन बावति मरजी आइी अरु मरजी आइी कै कंपिनी वहादुर की ताबेदारी बरमुजम करो चाहिये। इकरारनामा मैं लिषी है ताकौ परसाल मैं जब हम बांदे गये है तब दो बात की सरकार सौ हम आगे बिनती करी हती कै नागपुर वारेन हमारे घोरे लै लये है सो सरकार कौ दिवाइ दवो चाहिये अरु रीवा वारेन घोरे लै लये है सो दिवाइ दवो चाहिये सोउ हम इकरारनामा मै लिष दइी है सो सरकार समुझि लै है कै हम अकरारनामा बरमुजम विनती ज्वाब स्वाल करतहै की गैर मरजी की करत है। सो सरकार अकरारनामा समुझि देषि है गयर मरजी की हमसो कवहु नही होने है अरु जब हमकौ गडरौली करहरा की जिमी बगसी हती तव हम बडे साहेव सौ विनती करी हती कै सरकार नै जिमी वकसी सो हम लइी पैंहि तैंहि जीमीपर हमारे लरका मानस नाही पहूचि सकत आइ बसवे कौना हमारे आइीबंदन तैत पहुचि सकत आइ तब बडे साहेब की मरजी दिवान जु पर हवै गइी कै जो इनके भाइी भतीजे नतैतन की छीरैं बाषरैं कुया बगौचा है सो षुलासा कर दवो चाहिये अरु हमारे बैठक के गवन की मरजी होइ गइी हती षुलासा की सो हमैं बरस रोज सरकार की तावेदारी करत होगयौ सो हमारे लका (? लरका) मानस भाइी बैधन के मानस डागमैं डरै है सो जो लौ बडे साहेब दिवान जु चलन लगे है तौ लौ हमारे उकीलन सो कहत रहे है कै छीरैं बाषरैं बगौचा अरु बैठक के गाउ षुलासा करवाये देत है अरु और जीमी जो तुम्हारी है तीकौ सबकौ दुरस्ता करवाये देत है सो जैसी मरजी हमारे

उपर दीवान जी करे हते सो सरकार कौ सव वाकिफ है। सो विनती हमारी उछल आगे रही है वडे साहेव की वोली सव तराहोगइी हती कै पाच सात महीना मै तुम्हारी सव जिमी कौ दुरस्ता होजै सोउ अकरारनामा मै लिषी है सो सरकार समुझि लैहै अरु जव हम गुसाइंन कौ रिसालौ सौपिवे कौं गये हते तव हम वेली साहेव सो भेट करि आये हते सो सरकार कौ सव वाफिक है सो सरकार कौ छान करलवो चाहिये कै राजा छत्रसाल के आगे से जिमी या हमारी आई कै राजा वषत सिंघ सो रही है सो राजन राजन सों सरकार इि वात कौ छान करलेहै अरु जीलरा की हमारौ चलाव है अरु षैवे कौ जुरत है सो सरकार कौ जाहिरहु है सो विनती तौ हम दो येक वषत लिषी है मो जे हमारे वकील उहा है सो सरकार कौ जाहिर करत है कै नाही करत है अरु वधा धाई रे पाइ आगे विनती लिषी हती की राजा किसोर सिंघ नै हमै चाकरी मै दये हते सो दो महीना भयेराउ विना पकराइनै हमारे मानस उठाइ दये। अपने मानस वैठारे अरु राजा निरंद सिंघ नै हमारे दो असवार मारडारे हते अरु घोरे लय ल्ये है। सो विनती तौ हम सरकार कौ लिषी है कजति हम वे मरजी कौनहू जुवाव स्वाल करै तौ सरकार इी कहै कै गैर मरजी की करत हौ तीसै सरकार कौ सव लिषी है। सो कैतौ सरकार को विनायक राउ के इिहासे गाउ षुलासा कराइ दवो चाहिये कै मरजी आवैं तौ हम षुलासा करलेइ अरु हमको सरकार की भेट की वडी इिछा है सो वे मरजी तौ हमसो आवत नही वनत है। मरजी आयै तौ भेट कौ हाजिर होइ अरु जो विनती करने आइ है सो रोवकार करि है। जव तै सरकार की तावेदारी मै रहे है तवसे वे-मरजी की करी हूहै तौ उतही जहरषाने मै सरकार डराइ देहै अरु मरजी की करी हू-है तौ अरु करिहै तौ सरकार हमारी विनती अरज सुनि हौ शिषापन होइ सो हमेस फूरमइवे मै आवै पौष सुदि २ संवतु १८६९ मु: परना———*

१३२

श्री श्री वासुदेव राये सहाऐ
वजुनाव पुरसैदरेकाव नवाव मोसत
ताव माला ऐलकाव असरफुल असराफ़
जुनाव गवरनर जनरल साहव वहादुर
दाम मुलकहुके अरज पहुंचावता है—

सरकार का षैरसलाह मोदाम का वेहतर चहिऐ जिस्तें हमारा भला होऐ। सरकार के अकवाल तें इहा षैर सलाह है—आगे परवाने सरकार दौलत मदार के अजराह तमाम

*Foreign Dept., February, 1813, No. 135

सफराजी वो वंदेनेवाजी के कपीतान साहव खोदावन्द कपीतान रफसज साहव वहादुर का मारफत तामसें हमारे सादिर हुआ—वजुरुग उतर ना पाआ वहुत वहुत मोमताजी वो जेआदे जेआदे नेआदतमंदी अपना हासिल किआ—वो मजमुन सें हुकुम के दरिआफत हुआ के अैआम खमा का करीव है मायेद सवारान पीडारे कस्ततापता राज करने मुलुक महरुसे सरकार दौलत मदार अंगरेज वहादुर का करता है वास्ते मसरुफ ले जाने हमारे वो विच आषरी लवाजमा वो वोफादारीइआतमाद तमाम जो के हजूर सो तसौअर हुआ है —सो वमौजीव हुकुम हजूर के हम वास्ते उस्तवारी निगाहरह गुजर वो जवन जगह के मोकरर वाकऐ जीमीदारी हमारे के वो वाज रपना पींडारे हाऐल वा जमा उस्तवार वो होसिआर विवअमल मो लाके—जो कुछ के अहकामात कपीतान रफसज साहव वहादुर का सादिर होगा उसके ताइ आपरी पहुचा के वो अकीन जान के अपने जाफसानी सो इअह मरातिव विच हजूर जनावआली के अरज पहुंचावते रहेंगे—जनाव माआलाइल काव के नेक नजर पावीन्दी ऐनाऐत सो हम अपने वेहतरि के उमैदवार रहते हैं—जेआदाहद अदव————

अरजी माहाराजा श्री श्री गोविन्द नाथ साह देव जिमिदार प्रगनात नागपुर वोगैरह जिले रामगढ माह कातीक सुदी १४ रोज सम्वत १८६९ साल सन १२२० फसली*

१३३

श्री १

खोदावंद गरीपरवर श्री नवाव श्री गवरनर

जरनैल श्री साहेब वाहादुर संलामती—

गरीपरवर हजुर से षीलत वो परवांनां मेंरे वास्ते मेंहर्वानगी से आया सो माथे पर चढ़ाय लीये। आप मुलक का वातछाह हो। मैं आप का लडका हो वो हजुर का ऐता मेंहर्वानगी मेंरा पर है सो मेंरा वडा भागी है। जो हम सें खीजमंत हो सकेगा सो खीजमंत में मैं कसुर नंही करोंगा। मै केवल जुनाव आली का कदंम कों ध्याऐ वैठा हों। मीती चैत्र वदी १४ वुधवार रोज संमत १८७० के साल का————

*Foreign Dept., 1st April, 1813, No. 196

अरजी राजा जुझार सीघ प्रगने रायगढ

खोदावंद गरीबपरवर नवाव श्री श्री गवरनर जनरैल साहेव वहादुर के हुजुर अरजी दाखीलि करना*

१३४

हुकुम ईश्तहार का ईअह

आगे मवाजीआत वो ज्मीन तपा नोनउर प्रगने शेमरौन वो तपा वहास वो तपा वलथर प्रगने मझौआ सरकार चंपारन मौजा कमूवे वीहार मो तअलुके सरकार दौलतमदार कंपनी अंगरेज वहादुर दामऐकवालहु का अमले राजे नेपाल ने दफेआत पादर १५ फसली मोतावीक स० १८०९ ईशवी मो टोले आदापुर वोगैरह मो तअलुके मौजे तरकटीआ वो स० १२१६ फसली मोतावीक स० १८०९ ईसवी मे ज्मीन मौजे मौराका वो स० १२१९ फसली मोतावीक स० १८१२ ईसवी मे वाईस २२ मौजे तपा नोनउर का कुंप दे अपने कवजे मो लाऐ थे। आगे वहुत मी दोस्ती दोनो सरकार मे मुदतसो मजवुत था। ईस वास्ते सरदारान ने सरकार फैज आसार कंपनी अंगरेज वहादुर दामऐकवालहु अपने वुरदवारी वो मरजाद वो तमकनत वो सुभाव रेआस्त वो मीलजवामरदी का है। ईस वास्ते तदारुक दस्तअंदाजी वो कोतह अंदेसी अमले नेपाल का वेतहकीकात खीलाफ आईन दोस्ती वो ईनसाफ का जानी के पहीले सभ हरकत का ईतलाऐ राजे नेपाल को लीपा गआ वो माफी दरषास्त राजे नेपाल के दो दफे अमीन दोनो सरकार से तकरारी ज्मीन पर पहुच के ईजहार गोआही गोआहान दोनो तरफ का वोई सनाद वो कागज रुवकार कै के दावा दोनो सरकार का खुव तहकीकात कीआ। रवैआ ईस सरकार अजमतमदार मे जो चाह ईनसाफ का है सो दोनो तरफ का कागज वो रुवकारी वडे गौर सो मोलाहीजा कर के तहकीकात दोनो सरकार का तकरारी ज्मीन पर कीआ। सो मातवर सनद के रुई वोगआहोव के गोआही से हक सरकार फैज आसार कंपनी अंगरेज वहादुर दामहुसमतहु का लाकलाम सभ वोजह से वो आईन से से सावीत वो तहकीक हुआ। ईस वास्ते ईस तरफ से ई सनाद मोकमील वो दलील पकी मारफत कारपरदाजान वो अमीनान के राजे नेपाल कने भेज कर के दरषास्त वरपास्तनामे का मवाजीआत वो ज्मीन तकरारी से वनाम अमले राजे नेपाल के वो सपूरद करने को मवाजीआत वो जमीन तकरारी सरकार दौलतमदार कंमपनी अंगरेज वहादुर के अमले के हुजूर मो कीआ। लेकीन अमला राजे नेपाल का

*Foreign Dept., 29th June, 1813, No. 338

सरकार कंपनी अंगरेज वहादुर के हक सावीत होने पर जानवुझ के वुर पीलाफ आईन ईनसाफ के आष छपाआ। आगे सरकार कंमपनी अंगरेज वहादुर मे हीमाएेत वो रेआईत मजलुमो का वो रखेआ नेगाहवानी रैअत की वो ईनसाफ गुरवो का जो सरकार के पनाह मो है सो वाजीव वो लाजीम है। ईस लीऐ वास्ते रफाहीअत वो वेहतरी रैअत गरीवो के वो सावीत होने हक सरकार कंपनी अंगरेज वहादुर के कवुजा करना मवाजीआत वो ज्मीन तकरारी पर तैनाती फौज का जरूर हुआ। सो वीसेष कै वास्ते तसली वो दीलजमई वो परवरीस वो आराम रैअत रहने वाले मसालीक महरु से ईस मुलुक के वतौर ईस्तहार के लीषा जाता है जो सभ कोई खुसी वो फरागत वो आराम तमाम सो रहै। कुछ अंदेसा न करैं। वो षेवके तरद्दुद वो अपने पेसे के धंधा मे मसगुल रह के सुकूर भगवान का वजाऐ लावे। ता० २० माह मई स० १८१४ ईसवी मोतावीक ता० १६ जेठ सं० १२२१ सा०———*

१३५

नकल श्री साहेव वाला मुनाकव श्री साहेव आलीसान श्री मिस्तर जान वाकिप साहेव वहादुर जू येते श्री महाराज कोमार श्री लाल सिवराज सिंघ जू देव कै जै रावे ऋस्त। आपके स्माचार भले चाहि सदा स्र्वदा दिन प्रत घरी घरी कै। ता पीछे ईहा के स्माचार भले है। आपके मेहरवानगी तैं आगे षत आवा हवाल मालुम भा। आप लिषा की जगंधारी कौ तुम अंछी तरह तैं समुझावौ। सो आपके लिषेते हम ईहाते वकील पठवा श्री लाल गुरदंतसिंघ कौ औ लिषा की डोगरा तुम छोडि देव औ जे रीत से रहे आये हौ ते रीत ते रहे आवौ। हमारि मरजी सेवा करौ। जस लरिका आव। फैल फिसादि अव ना करौ। राजि रीत रकम दये जाव या वात कै पैंकाईति कै देउ तौ हम श्री वडे साहव सौ कहि है। गुनाह तुम्हारी माफ होई जई। अपने घर षुसी नामा सौ वैठ रहौ। ते पर जगंधारी ज्वाव दीन कहा की डोगरा हम ना छाडव। ना राजिरीत करव। ना मरजी करव। जो हमार डोगरा कै पैंकाईत के देव की तुम डोगरा मा टिके रहौ औ गाव धनहे डोगरा के नीचे है सो देउ औ जागा हमारे की पैंकाईति कै देऊ तौ तुम्हारि सेवा मरजी करन डोगरा न छाडव। चाहै श्री अगरेज वहादुर कै फौज चढि आवै गैरै चाहा तुम चढि आवागेराविना लरे मरे ना छाडव। या ज्याव दीन्हेंनि सो हम आपकी मरजी माफिक औ अपनी समुझ माफिक समुझावा। जगंधारी की नजरि षातिर ना आवा। उलटिकै हमै का दाव दै पठईनि की आपनि जागा ठौर ना षोवौ। सो हमतौ श्री अगरेज वहादुर के तावेदार हन। जेतनी मरजी

*Foreign Dept., 3rd Jan., 1814, No. 343

आपकै होई सो करने है। चाहे बनै चाहे विगरै हमै तौ आपके मरजी की करले है। मरजी कीन्है वनवै करी विगरी ना हमारे या बिस्वास है। मरजी सिषांपनु होई सो लिषन रहव। माघ सुदि ७ संवतु १८७० के मु: पतौरा अरु उमराव सिंघ हलकारा कौ हम दुई तीन रोज टिकाये रहे है। अपनी षुसी नही रहै सो ईन पर ईतराजी ना होई———*

१३६ (क)

नकल हुवा

नकल श्री साहेव वाला मुनाकव श्री साहेव आलीसान श्री मिस्तर जानवाकिव साहेव वहादुर जू येतौ सिघ श्री महाराजाधिराजा श्री राजावहादुर जैसिह देव जू देव के वाचनै। आपकै स्माचार भले चाहिजै। इहा के स्माचार भले है। आपका षत आवा हवाल मालुम भआ। आप लिषा की षिलत आपके वास्ने कलकते से आई है सो उस पत में हम आपका लिषा रहै सो पिलत के मुंदे का आम कछुना लिषां सो हम उस पत मे आपकौ सव वातौ का जवाव लिषा रहै। रहा आप निगाह नही किहिन यौ श्री नवाव गवरनल जरनैल वहादुर मेहरवानगी सहित षिलत भेजिन तौन सुनिकै हमरे वहुत वडी षुसी भै। रहा हम आपन काम काज सव श्री वावु विस्वनाथ सिह का सौपदीन है सो जो मेहरवानगी हमारे पर होति है सो मेहरवानगी उनके पर होई। षिलित उनका देई। उई षिलत पहिरैलाईक है। आपकी मेहरवानगी से आपकै दोस्ती उठावै लाईक है। उनके लिषल पहिरे से हम वहुत पुसी होईगें सो मेहरवानगी सहित जो षिलत कलकंते से आई है सो उनही का पहिराउ व जस जस उनके पर आपकै मेहरवानगी होई तस-तस हमारे वड़ी षुसी होई वा मेहरवानगी हमारिन आय और जिस मुंदे पर हम ईहा आयेन है सो आपका मालुमै है सो आपकै मेहरवानगी हर हमेस अैसै उनके पर वनी रहै। पत मेहरवानगी से हमेस लिषावत रहव मिती पौष सुदि ७ वुधे कह सवंत १८७० के मुकाम वेउहारी———

(ख)

नकल हुवा

नकल श्री साहेव वाला मुनाकव श्री साहेव आलीसान श्री मिस्तर जान वाकप साहेव वहादुर जू येते सिंघि श्री महाराजाधिराजा श्री महाराजा श्री राजावहादुर जै सिह देव जू देव के वांचनै। आपके स्माचार भले चाहिजै। इहा के स्माचार भले है। आपर आपका मेहरवानगी का पत पहुचा हवाल मालुम भया। आप लिषां की आप षिलत

*Foreign Dept., 31st January, 1814, No. 89

पहिरने का वेपरवाही रखते हौ सो आपका षिलत नवाव गवरनर जरनैल बहादुर के मेहर की बकसी दोस्ती से भरी हुई हमारे वास्ते आई तिसको पहिरना क्योंकर नाकबूल करैंगे। अगर जो या लिषते है को वावू विसूनाथ सिंह जू को षिलत देई तौ ईस वास्ते लिषते है की हम तावेदार वादसाह के है यदि वादसाह के है सो कलम दान वादसाह का आप पै है। आप वादसाह के वरोवर हन। अव जहान मे वादसाहत आपकी है। वावु विसुनाथ सिह जू को षिलत पहिरने को ईस वास्तै लिषते है की हमारे मजहमम या लिषता है की गुसैंया की तवरुप पुस्तदरपुस्त को होती है सो हमारे पुसति दर पुस्त वावु विसुनाथ सिंह है आपकी षिलत तवरुप की बराबर समझते है। ईस वास्तै लिषते है आप या लिषा की जो षिलत पहिरता है तेके उपर नवाव गवरनर जरनैल वहादुर की दोस्ती नित नित वनी रहती है सो जेती दोस्ती मेहर की भरी आपकी वावु विसुनाथ सिह जु पर होईगो तेती हमको हजार हजार सूरत से षुसी होती जाईगी औ आप लिषा की वावू विसुनाथ सिंह लिषते है की सव राजि का अकतियार नही दिहिनि सो हम आपन कुल अकतियार राजि का काम काज दरोवस्त राजि का मुकत्यार नामा वावू विसुनाथ सिह का सौपदीन है। हम उनकी सलाह ते जितने काम पर ईहा आयेन है तेतई करते है औ आप अैसा लिषा की हमारे अगरेज के घर मा या जापता है की जिससे दोस्ती करते है तिसे पुरी करते है सो हमारे भी दिल मे पुषषातिर है की आप दोस्ती पूरी करैंगे। लेकिन हम जो वा कौलनामा आपको लिषा था सथनी वा चुरहट सजा करने वास्तै की हम मंदत ना करैंगे सो हम कर दिया लेकिन जगा वा हमारी है और सव सेगरान षाली होगया। इटार सथनी उमरी पनगवा औराई सव षाली होईगे। सोई जगा सव वावु विसुनाथ सिह जू का सौप देई आई कै छावनी पर डेरा करियैं व षिलत क्यौ करना लेईगे औ जेती वातै हम आपको ईकरार नामा मैं लिष दिया तेती पुरी कै दिया। आपतौ वडे हौ क्यौ कर ना पुरी करैंगे औ जो आप या फुरमाईयै की हम कलकंता को लिषते है जो कलकंते ते लिषा आवैगा तैसा होईगा। सोईहा हमारे मालिक आपई हौ। हमारी षातिर ईसी से होती है उई तौ लरिका है आपके मेहरवानगी करै लायक है। अपने हजुर का हेवाल मेहरवानगी कै कै लिषाई पठउव। ज्यादा सुभ मिती माघ वदि ४ सोमे का संवत १८७० के मुकाम वेउहारी ——

दसषत श्री वकसी भगवानदंत वकील श्री महाराजा जैसिंघ देव जू देव के मिती माह वदि १२ भोमे कह संवत १८७० के मु: कोठी

नकल हुवा

(ग)

नकल हुवा

नकल श्री साहेव वाला मुनाकिव श्री आलीसान मिस्तर जान श्री वाकप साहेव वहादुर

जू ये तौ सीथ श्री महाराजाधिराज श्री महाराजा श्री राजा वहादुर जैसिंह देव जू देव के बांचनै। आपर आपके स्माचार भले चाही। ईहा के स्माचार हुंहि। आगे आपका पत आवा मेहरवानगी भरा सव हवाल मालूम भावा। लिषां की राजि का काम काज सव वड़े वावु विस्वनाथ सिह का सौपदीन औ अमर पाटन के वा कैति सव काम काज तुम्है कर त्याहै। अैसी उलटी पुलटी वातन मा सुभा होत है। दूसर या लिषा की विना अगरेज की मरजी दुसरे राजा रईस कोई होई ने सो लिषा पठी ना करन या अहदनामा म दुसरे कलम मा लिषा है सो अपना मालिक आहे पहिल अहदनामा अपनै वकसा पुनि जव उमरोमा भेट भै तव दुसर अहदनामा वकमा औ जेह तरा हमारी अगरेज कै दोस्ती चली आई है तेही तरा मेहरवानगी कीन। सथनी चुरहट कैसजा हमसों लिषाई लीन औ हमका वीरा दैकै कुच कीन सेमरिया मा छावनी कराई गयन। सो तवतै आजु भरे हम अहदनामा के वाहेर येक वात नही कीन। अहदनामा रोजु पठा करित है या समुझित है की वडेन का लिषा छाप मुरतक समेत या कवहुं आनि तरा ना होई औ जव भरि अपना नही आयन तव भरि जौन करनैल साहेव हुकुम देत रहे सो करत रहेन और राजिका काम काज वावु विस्वनाथ सिंह का या जानिकै सौपा है की अहदनामा के वाहेर येक वात ना करिहै औ मरजी राउरि हमै ने सेवाई अधिक करिहै सो अपना समझिनि लीन होई काहे की जव आयन तव या सुभा कौन की सेगरा ने का पैंछ कीन्है है सो अपना का जाहिरै है। पुनि सेवा का वलावा तव मझिले वावु दाषिल भे पुनि जेठे वाबु का वलावा तव वोउ दाषिल भे राउरि किस्ति भरिन अव हमारि सुभा कीन की पिंडारेन सों लिषां पठी करिति है औ सौहागपुर वावति नागपुर कैन सौं लिषां पठी करति है। सो तौ नैकै हकीकत असि है की हमार सुहागपुर नागपुर के अमल लिहिनि औ हमका या केति आवै का सावकास ना मिला। तव किला के गिर्द कै आगा उजरिगै तेके ततवीर का हम ईहा आयन सो जिमीदार रैयति चाकर सव वला वाते हजार दुई हजार मलई जुरिगा तव नागपुर कैन के सुभा भा तव हलकारे ईहा पठईनि औ षत लिषिनि तौने का जवाव हम लिषि पठवा की सोहागपुर के जवाव स्वाल का हम नही आयेन जव हमै सौहागपुर का जवाव स्वाल करै का होई तव हमार मालिक अगरेज है हम उनही सो कहव औ राउर चपरासी ईहा रहै तिन सो सव हवाल कहा। उनही के आगे विदा कीन फेरि कवहू येक षत नही लिषा औ पिंडारेन के वकील कातिक मा आये। तैते या वतानि की चालीस हजार असवारते सेवा करव औ सौहागपुर छडाई देव औ उपरा जिमा हीसा देव हमका राह ना रोकी। तव हम उनहुका जवावदीन की अगरेज कै हमारि दोस्ती है जो उनके आगा पर जैहा तौ हम लरव जाई ना पैहा या जवावदीन फेरि उनकर कोउ नही आवा औ हम लिषवै काहे का करी सो हमारि चालु तौ या है अरू वडेन कै रैति असि आई की जौने वात का सुभा होई तेका निरष करी तौने माफिक रीझषीझ करी काहु का कहा ना मानी। सो अपना का हमका लिषी काहे की रौरे अहदनामा की कलमन पर नही निगाह करित सथिनी चोरहट कैस जा लिषी रहै औ सगल रोगरान लाई दीन। पचास हजार का

अकाम हमार होईगा पुनि डेग आगे रीवा का गिर्द सब उजरिगा हमका साल भरे का अकाल परिगा तेपरि लरिकन का मरजी देईत है की पांच हजार कै जागा जगमोहन सिंह का देह की अपने ते वाहरे के देह औ अहदनामा मा या लिषा है की भाई चाकर असामी हम काहू कै ना सुनन जो कोउ तुम्हारा मामला ना देई औ सेवा ना करै तेसो तुम जौन मने आवै सो करा। हम मदत ना करव। सो लिषितौ या दीन औ जगमोहन सिंह हमार मामला नहीं देति औ सेवा नही करति तिनका या हुकुम देईत हैं सो हम कौन विती करी काहे की दोस्ती हमारि राउरि मै औ मालिक हमार अपना ते विती हमै अपनै सो करे कीते रौरे हमारि नही सुनित हमरे भाई जिमीदार कै सुनित है औ जो हम नवाव गवरनर जलनर वहादुर का अरजी लिषन तौ अपना के वीच मा सयान ठहरै सो अव हम अपने सुभा का लिषन कागद तौ पुस्तदरपुस्त मा लिषा है औ सालै भरे मा या जवाव स्वाल करै लागेन। सो ये कर सलाह सिषावनु जौन होई सो मेहरवानगी समेत हमका लिषव हम अहदनामा के वाहेर येक वात ना करव जो अपना अहदनामा के वाहेर हुकमदेव तौ लरिका औ राजि रौरे का सौपदीन है। अपना के जौन मने आई सो करव हम अहदनामा लीन्है कलकत्ता के दुवारे परे रहव। हमका अगरेज का दुवार छाडिकै दुसर दुवार नही देषै का आई सो हमारे षातिरी का पत जरुर लिषव। जव जवाव आई तव हम ईहाते कूच करव। मि: माघ वदि ३० गुरौ का संवत १८७० के मुकाम वेउहारी———

(घ)

नकल हुवा :

नकल श्री साहेव वाला मुनाकिव श्री साहेव आलीसान श्री मिस्तर जान वाकप साहेव वहादुर जू ये ते सिधि श्री महाराजाधिराज श्री महाराजा श्री राजा वहादुर जै सिंह देव जू देव के वांचनै। आपर आपके स्माचार भले चाही। ईहा के स्माचार भले हैंहि। आगे आपका पत आवा मेहरवानगी भरा सो सव हवाल जाहिर भा सो मालिक अपना हम हमै सेवाई अपना कै मरजी दुसर नही करै का आई। हमार मतलव सव राउर आई चाही वनाई चाही विगारी हमै सव तरा तै तावेदारी करै का है सो विती हजूरै मा करव आई औ जौन आवै मा कुछु दिरंगी भै सो पहिले तौ कुछु अपमान समुझौ रहैन याकै तिसु दिन ना वना तेह ते ठेरि होईगै अव सामार का हमार कूच होई सो हाजिर होईत है और वनावै का सव अपना का है जौन चाही तौन अपने हजुरते वनाई जौन चाही तौन नवाव गवरनर जनरल वहादुर दाम अकवालहु क लिषि कै वनाई। हमार मालिक अपनै हन। हम दुसरे का नही जानित। मेहरवानगी समेत पत लिषावत रहव। मि: माघ सुदि २ रवौ कह संवत १८७० के मुकाम वेउहारी———*

* Foreign Dept., 10th Feb., 1814, No. 112—21

१३७ (क)

मुर्मंदियान कामकाज हाल ईस्तकवाल परगने मैहर के मालुम करै जो जो वमैन के अहिदनामै वमुजव ठहरा व ठहरा दरम्यान सरकार दौलत मदार कंपिनी अगरेज बहादुर वा श्रीमंत पंडित परधान सवाई बाजुराव पेशवा वहादुर के तिस वमोजिव वाजे परगने मुलक वुंदेलपंड के सरकार दौलतमदार के अहिलकारन के कवजे मैं आये अरु षालसे मे दाषिल भई। ठाकुर दुरजनसिंघ छोटे बेटा बेनी हजुरी को जो मैहर के परगने मैं उपर घाटी के हाकिम था राहरीत चिठी पंत्री के भेजने की हमसे रंषी अरु सरकार दौलत मदार के आहिलकारन की तावेदारी वा फुरमावरदारी जाहिर करत रहे अरु जो माहिवान आलीसान अगरेज वहादुर वा वास्तेदार वा असवाव उन का जो नागपुर कौ मैहर के रस्ते आया वा गया हमेसा ठाकुर मजकुर से सेवा मैं हाजिर रहे रछया वा वडे रप पते से अपने ईलाके की सरहद से नागपुर की सरहंद से नागपुर की सरहंद तक पहुचावते रहे। जो अब हम दुसरी वेर हजुर पुरनुर नवाव मुस्ततावमुअंलाअलकाव असरफुल उमराव सरजार्जिहिरलुवार लुवारलट गवरनर जनरल बहादुर दामइकवालहुंन के हुकम वमोजिव वास्ते वदौवस्त ईस मुलक के मुकरर हो कै आये ठाकुर मजकुर ने वकील मातवर अपने भेजे औ सनध अपने इलाके की सरकार दौलतमदार सैं चाही अरु करारनामा पाच कलमन का तावेदारी वा फुरमाविरदारी लानै हमैं लिष दिया और जो सरकार दौलतमदार के अहिलकारन कौ हमेसा रेछ्या वा पालना वास्तेदारन का वा तावेदारन का मंजुर रहता है ईस वास्तै परगना मैहर का तफसील जैल के गावन सूंधा जव से सरकार दौलत मदार का अमल वुंदेलषंड के हुवा अरु आज तक वै गाउ उन के कवजे मे थे सरकार दौलतमदार से भी माफ हुये। जव तक ठाकुर मजकुर राहरीत तावेदारी वा फुरमावरदारी की मैं सचाई वा पंकाईत वने रहै उनके औ औलाद उन की से पुस्तदरपुस्त वीच परगने औ गावन मजकुर से अहिलकार सरकार दौलतमदार के कोइ भात मुजाहिमत ना करैगैं

मौजे	असली	दाषली
७००	२६५	४३५

तंपे मैहर		तंपेविलदरा	
६१		९१	
असली	दाखली	असली	दाखली
१७	४४	३६	५५
तप अजवाईन		तंप रंगवा	
१०२		५१	

असली दाखली	असली दाखली
३० ७२	३१ २०
तंपे पलौहा	तंपे इंटौरो
१२	३६
असली दाखली	असली दाखली
१० २	१३ १३
तंपे छिरिया	तंपे जुकेही
५२	१६
असली दाखली	असली दाखली
१८ ३४	७ ९
तंपे गौडेरा	तंपे डोली
१२	१०
असली दाखली	असली दाखली
४ ८	२ १०
तपे गैनराई	तंपे सिकरी
६	१६
असली दाखली	असली दाखली
१ ५	६ १०
तंपे भैंसवाही	तंपे देवरा
२२	१३७
असली दाखली	असली दाखली
६ १६	५६ ८१
तंप नदावन	
७४	
असली दाखली	
२८ ४६	

मरकुम तारीष १८ नवंबर सन १८०६ ईसवी मुताविक तारीष दरमजान सन १२२१ हिजरी माफक कातिक सुदि ८ सं: १८६३———

(ख)

श्री राजे श्री अली वहादुर के सरकार ते सनध कर दई ये ते दुरजन सिंघ जु कौ आवर परगने मैंहर किलौ वा गढी जागा आगे ते तुम सो रही आई है सौ वहाल है। तुम अपनी भीर सुंधा सरकार की सेवा मे हाजिर रहौ। ये का नीस्ट सो सेवा करो। तुम्हारी जागा सौ कोउ मुजाहिम कौनहु वात से नाहु है। मिती वैसाष सुदि १ संवत १८५८ मुकाम जैतपुर. . . . (हस्ताक्षर जो पढ़े नहीं जाते).

(ग)

आपर हम ठाकुर दुरजन सिंघ जागीरदार परगनै मेहर मुतालके मुल्क बुंदेलषंड के आगे से तावेदारी वा फुरमावरदारी अहाली सरकार दौलतमदार की जाहिर करते थै और साहिबान आलीसान अगरेजबहादुर के औ इनके मुतवसिलौ औ असबाव के नागपुर के तरफ मैहर के राह से आवने जाने मे सेवा मै हाजिर रहि कै वहुत निगहवानी से अपने ईलाके की सरहंद से नागपुर के सरहंद तक पहुचावते थे। जब से मुल्क बुंदेलषंड का सरकार दौलतमदार कंपिनी अंगरेज बहादुर के दषल मै आया सरकार के तावेदारी मे काईम वा साबित रहे किसी तरा से सरकार के पैरषाही वा तावेदारी से ना फिरे औ ईतमादुंददौला अफजलुंलमुंलक जान वेली साहेव वहादुर के वषत अपने मातवार वकील भेज के सरकार दौलतमदार से दरषास्त अपने ईलाके की सनध कौ किया औ ईकरारनामा पांच दफे का तावेदारी वा फुरमावरदारी का गुजरात मै साहेव मौसुफ के दसषत मोहर से सनध हासिल किया था सो सनध मजकुर कै तफसील गावन के नाम की नही लिषी गई। सो ईस वास्ते ईन दिनौ मै तावेदारी वा फुरमावरदारी वा पैरषाही सरकार दौलत-मदार कंपिनी अगरेज वहादुर के पंचाईत के वास्तै या इकरारनामा नौ दफे का अपने मोहर दसषत से साहेव आलीसान जान वाकिप साहेव वहादुर मुषत्यारकार के हजुर मै दाषिल कर कै दरखास्त सनव अपने कवजे के गावन के नाम की तफसील सुंधा किया। इस वास्ते ईकरार करते है औ लिषे देते है की ईस ईकरारनामे के दफौ पर साबित रहि कै हरगिज तफावत वान जाउज नही करैगै—

दफे पाहिली

सब कोइ फिसादी वाहिर वा भितरे मुल्क बुंदेलषंड के से मिलाप ना करै। ईन सबौ कौ कोई तरा से जगा औ पनाह ना देई औ लरके वाले उनके कौ ना छोडै जो हमारे ईलाके मे रहै औ पाती चिठी सब मामलात के ताई उनसे छोड देई औ साथ मुतवंसिलीत वा नोकरान सरकार दौलतमदार के से दुसमनागत ना करे औ अगर कोई मुतवंसिलौ से सरकार के सिरदारौ वा राजौ मै ईस मुलक के वावत महाल या गाव या कोई तरा मामला के हमारे साथ तकरार करै तौ हम उस तकरार के ताई वीच हजुर सिरदारन सरकार के जाहिर करैगै। दरषास्त फैसले का करै जो कुछ सरकार सै फैसला होई सो कबुल मंजुर करै। उसे तफाउत ना करै औ वदले तकरार के अपनी तरफ से लराई ना करै और विगर हुकम सरकार के ईनसाफ अपने हाथ से ना करै औ हमेसै फरमावरदार सरकार दौलतमदार के हर काम मै रहै

दफे दुसरी

वदोवस्त घाटी ईलाके अपने साई सतरा करै की फिसादी वा लुटेरे वा दुसरे सरारती करन वाले नीचे उपर आने जाने ना सके औ कभी कोई फिसादी वा

वदचाली केताई ना छोडै की उस राह से सरकार के मुलक मै दषल हो कै फिसाद सुरु करै औ अगर कोई सरदार साहिवान फौज मुलक के सरकार के हमारे मुलक हो के आवै जव तक हमारे मुलक के नजीक पहुचै षवर उस का पहिल पहुचने से सरहंद इलाके अपने सरकार के सिरदारन कौ पहुचावै औ माफिक मगदुर अपने वीच वंद कर के मेहनत करै

दफे तीसरी ३

जिस वषत फौज सरकार दौलतमदार का घाटी से ईलाके हमारे के उपर घाट या कोई दुसरी तरफ जाई कभी मने मुजाहिमत ना करै वलिक आदमी मातवर वाकिवकार साथ करै तौ जिधर चाहै तिधर जाई औ जिस वषत लसगर फौज सरकार का ईलाके हमारे या हमारे सरहंद पर दुसरे के मुलक मे रहै असवाव जरुरी लसगर मे पहुचावते रहै

दफे चौथी ४

अगर कोई रैयती मुलक सरकार दौलतमदार के भाग कै वीच देहात ईलाके हमारे मे आवै सितावी दरषास्त से अहिलकारन सरकार के हवाले करै औ अगर कोई रैयतौ जिमीदार मे ईलाके हमारे के भागि कै वीच मुलक सरकार के रहै तफसील-वार दरषास्त अपने मुकदमा की वीच हजुर सिरदारन सरकार के गुजरानै माफक आईन ईनसाफ के जो कुछ हुकम फुरमावै वीच अमल के ल्यावै आप कस्त पकरने उस के का ना करै—

दफे पाचई ५

चोर वा ठग वीच देहात ईलाके अपने के रहने ना देई। अगर माल कोई सौदागर का वीच कोई गाव मै कवजा हमारे से चोरी जाई या लुट जाई गाव गाव के जिमीदारौ पर तागीद कर कै माल लुट औ चोरी गये के ताई उसे दिलावै या चोटे वा लुटेरे कौ पकर कै सरकार दौलतमदार मै पहुचावै औ जो कोई वीच मुलक सरकार के षुनी या कोई तरा से दुसरा गुनागार हो कै वीच कोई गाव ईलाके हमारे मै आवै उस के ताई भी पकर कै सरकार मै पहुचावै औ ना छोडै की राह इलाके हमारे दुसरी तरफ वा वाहिर जाई

दफे छठवा ६

जोन जगरा गावन कवजे अपने का हजूर मैं गुजरान कै माफक उस के सनध सरकार से पाया है ईस वास्तै ईकरार करते है की अगर गावन मजकुर से कोई गाव मिलकियत दुसरे किसी की सावित होई या यह जाहिर होई की वीच वषत नवाव अली वहादुर के हमारे कवजे मे ना था वीच मुकदमे जो कुछ की सरकार से वात तजवीज हो कै हुकम होई सो अमल मे ल्यावै। कुछ उजर ना करै

दफे सातई ७

सन १८१२ अगरेजी मुताविक सन १२१९ फसली कौ येक भरि पिडारौ की चदनपुर के घाट ईलाके हमारे से उतर कै सरकार के मुलक मे जाई कै लुट

किआ है सो बंद करना। अैसे लुटेरो के आवने की राह अपने मुलक औ सरकार के मुलक वा सब मुतवंसिली के मुलक के रयपतो के वास्ते वाजिब वा लाजिम है। ईस वास्तै ईकरार करते है औ लिषे देते है की भीर सिपाहियो की जेतना मुनासब होई लुटेरौ मजकुर के आवने की राह बंद करने के वास्तै मदनपुर के घाट पर हमेसै तैनाथ रषैगै औ अैसी ततवीर पेकी करैगै की लुटेरे मजकुर हमारे ईलाके की कोई राह सै उतर कै सरकार के मुलक मै जाई ना सकै

दफे आठई ८

जो गावै मजकुर लिषे हुये सनथ मिलकियत कवजा हमारे के है औ उस पर कवजा हमारा है ईस वास्ते करार करते है वाद मिलने सनथ सरकार से दरषांस्त दषल दिलाउने कोई गाव ईलाके पर ना करै औ वास्ते वदौवस्त उस के सरकार से तलव ना करै———

दफे नवई ९

अेक आदमी मातवर अपना मुर्करर करै की हमेसै वतौर वकालत के वास्तै वजा ल्यावने हुकम वा षिजमत सिरदारन सरकार दौलतमदार के हाजिर रहै औ उसे कोई तरा से सरदारै सरकार के वा सवव कोई कसूर के नापुस होई तुरंत उस को हम अपने पास वुलाई लेई अेवज उसकी और को मुकंरर करै। यह ईकरारनामा दफै नौ का अपने मोहर दसषत से दाषिल दफदर सरकार के किया। करार करते है की उपर दफात मजकुरैन के हमेसै अमल कर कै कुछ उसे तफाऊत ना करै—

तारीष १३ फवरवरी सन १८१४ अगरेजी मुताविक फागुन वदि ९ संवत १८७० मुकाम षरवाही—*

१३८ (क)

श्रीराम १

नकल चीठी व मोहर वो दसषत

राजा मानीक सेन राजे मकवानि

श्री श्री श्री महाराजेज्यु

भूली राउत थानेदार कोतवाली चवुतरा गढ सेमरौन के आसीष। आगे ऐह तरफ का चौधरी कानूनगोऐ का लीखला से मालुम भैल की तुहरा जवाव सरह देहली के ऐहू तरफ मौजे भगवानपूर का आसामी के मसूल छे कलह से मोनासिव नाहि। अपना अपना सरहद भर दुनो तरफ का अमला का रहै कै मोनासीव है। ईह उसे वेतीआ लीखल जात वाट संवत् १७८४ माह चैत वदि ता० १—

* Foreign Dept., 14 March, 1814, No. 181—6

(ख)

श्री राम १

नकल षत मोहरी राजा मानीक सेन
राजे मकवानी वनाम राजे ध्रुव सीह
राज वितिआ

स्वौस्ती श्री प्रताप नारायेनोत्यादि वीवीध वीरुदावली वीराजमानोन्नत श्री महाराजाधीराज श्री श्री श्री मन्महाराज ध्रुवसींह देवेषु सदा समर वीजयी षू ईतस्यस्ति श्री रुपनारायेणेत्यादि वीवीध रुदावली वीराजमान मानोन्नत श्री महाराजाधीराज श्री श्री श्री मन्मानीक सेन देवानां सदा समर वीजयीना कस्य प्रणाम। ईहा कूसल आन्दं है। आप का कूसल आनंद चाहीऐ जीसे षुसी होऐ। वहुत दीन भआ कूसल आनंद का पत्र नही आया ईसे जीव लगा है। कूसल छेम का पत्र लीषीऐगा जीसे षूसी होऐ। उ प्रांत ईधर के जीमीदार चौधरी के लीषने से मालुम हुआ जो आप के त्रफ के गंगाराम वोझा थानेदार अलउ के राज वांध सरहद का दो कदीम है लाघी के ईस तरफ के मौजे अठरहा के असामीऔ पर वीदत करते है वो मासूल करवाऐ लीआ वो भूली राउत थानेदार कोतवाली चउतरा गढ सेमरौन के मौजे भगवानपुर ऐह तरफ राजवांध के है ताहां के असामी पर जोर जुलुम करते है। सो ईहां उहां के दोस्ती मो अैसा वात नही चाहीऐ। सो अपने थानेदार को लीषीऐगा जो इस तरफ के अमलदारी मो वीदत न करै। जेआदे अपना कूसल छेम लीखीऐगा। ईती सम्वत १७८४ साल माह चैत वदि ता० १३

(ग)

श्रीराम १

नकल चीठी व मोहर वो दशषत
राजा मानीक सेन राजे मकवानी

श्री श्री श्री महाराजय कस्य पत्रमीदं भाराशामरथ गंगाराम वोझा थानादार अलउ के कूसलाही पूर्वक पत्रमीदं। उपरांत ऐह तरफ का चौधुरी का लीषला से मालूम भैल जे रौरा मौजे अठरहा के अशामीन के मसूल रोकीले से रौरा राज वाध सरहद लाघी के ऐह तरफ का अशामीन पर वीदत करिले से अछा नाही। रौरा अपना मन से रोक टोक जो करत होइ तो हाथ उठाइवी नाही। वेतीआ का हुकूम से करत हो इतो से लीषव। संमत १७८३ शाल माह फागून सूदि ता० १०

(घ)

राम १

नकल षत मोहरी लछन गीर तरफ नेपाल बनाम भैरो दत
तहसीलदार तपै नोनउर तरफ राजा वीर के सौर सीष—

स्वोस्ति श्री लाला भैरव दत कौं श्री गोसाइंजी लछण गीरि का आसिर्वचण। ईहा कूसल है। तांहा तुम्हरा कूसल चाहिव जो षूसि होय। पत आया सूरत मालूम हुआ। तुम्हो ने लिषा जो मौजे अमवा वरवा वगैरह लूट कीआ है वो फुक दिआ है सो हमारा सरहद वरवा वीजैगढ तक है। मो. २२ तर्फ परोहा का आगे से दवाऐ रषा है सो अमल करने को हमने नेपाल सो हुकूम ले के आय है। सो जीस तरह होगा उस तरह अमल करेंगे। बार बार सीवाना का बाद केआ लीषते हव। हमारा सिवाना वरवा वीजैगढ तक है। जेतणे दिन तक मौजे २२ तहसील कीआ है सो तुम्हे देना होगा। जीस तरह देवगे उस तरह लेंगे। अव हम लेने पर तैयार हुए सो जाननां। सवत १८६८ साल मीति असाढ वदि ५ मो० लसकर—

(ङ)

श्रीराम १

नकल षत मोहरी लछन गीर तरफ राजे राऐ पाल बनाम भैरो
दत तहसीलदार तपा नोनउर तरफ राजा वीर कीशोर शिष—

स्वोस्ति श्रि लाला भैरोदत्त को श्री गोसाइ लछनगीर का आशीरवचन। इहा कूशल है। ताहा तुम्हारा कूशल चाहीये जो षुशी होय। षत आया सूरत मालूम हुआ। लीषा जो जगह फूकते हौ लूटते हौ शो वेजाय है। अपना कानूनगोय चौधरी भेजी देव इधरा का कानूनगोय चौधरी हाजीर है। शीवाना सरहद रफा होय। शो हम शीवाना करते नही आये है। तपा रौतहट तरफ परोहा का मौजे २२ आगे शे भी दवाऐ रषा है शो मौजे २२ हम लेने को आये है। जीश तरह होगा उश तर लेगे। शो जानना। शम्वत् १८६८ साल मीती ज्येठ सुदी १० मोकाम लशकर*

१३९

राम १

आगे कैफीयत नैपाल अमल करने का लोग फोडे बीना नही वनी परेगा सो लोग फूटेगा। जब नैपाल के पंच परधान को इह परतीती होवे जो अगरेज अब कस्त

---

*Foreign Dept., 19th March, 1814, Nos. 191—209

वाधा तव लोग फूटेगा। सो कस्त का परतीती तव होगा जो तरीआनी अगरेज साहेवान दषल करे तव नैपाल का लोग फूटेगा। तव सहज शो अमलदारी नैपाल होगा। लोग दुइ आदिमी रंगनाथ भीमशेनी तीन वाप पुत भाइ छाडि के सभ लोग फूट शकता है जव तक राजा साहव का षुद हुकूम नही चलता है। राजा साहेव का षुद हुकूम चलने पर कोइ पंच परधान नही फूटी सकेगा। वे दुन फूटे अमलदारी का वंद नहि लगेगा। आगे गाडी चलने माफीक पहार मो रास्ता हमारे बूझते कहइ नही। पऐदर हाथी आर वंदूक समेत जाने का रास्ता भालू षोला षाडा-धार माहा भारथ पनवंती चारी रास्ता दे के फौज जाऐ सकता है। कोइ कंपीनी से मोपतार होऐ के तैआर होऐ तव अमल होऐ शकता है। वुटवली सिसा पानी दे के शीधूली दे के ऐह रास्ता वहत वीहड है। इस रास्ते नही जाने सकता है———*

१४० (क)

करारनामा लिष दयौ कुवर सोरे साहजु देव ने आगे साहेव आलीसान येकतदारुं-दौलै मुंतजेतुलमुलक मिस्तर जान रवारडसेन साहेव वाहादुर साहेव अजंट के हजुर सै वास्तै छोडने मौजे भैरापिपरिया वेडरी औ सोप देने मौजे मजकुर राजा रतनसिंघ साहेव विजावर वालै को हम को हुकम दुसरा हुवा था। माफक उस के वकीले हमारे ने करार छोड़ देने मौजे मजकुरैन का किया वा छुट चिठी हमारे नाम को लिष कै साहेव मौसुफ के हजुर गुजरानी था वा हुकूम दुसरा माकुप कराया। अव माफक अरजी वकीलौ हमारे के वास्तै तहकीकाद वा तजवीज हुजुर के हुवा। ईस वास्तै हम करार करते है औ लिष देते है की वाद तहकीकाद वा तजवीज उजर हमारे के फैसला सरकार का राजा मौसूफ के हैक मे होय तोई तारीष जारी होने हुकम पहिलै के लगाइत वषत छोडनै तक जो पैसा गाव से वसुल कर लेई सो राजा मौसुफ को फेर देई। कुछ हीला वहाना ना करै। इस वास्तै करारनामा लिष दिया की वषत पर काम आवै। ताः १६ माह दिसंवर सन १८१२ ईसवी मुतावीक अगहन सुदि १३ सं० १८६९

(ख)

श्री स्हेश्र वाला मुनाकिव श्री साहिव अलीसन श्री मिस्तर जान वाकीव साहिव वाहादुर जु ये ते श्री माहांराजकोमार श्री कुवर सोने साहि जू देव के वाचनैं। आपर हजूर के स्माचार सदा सर्वदा भलै चाहिजै। ता पिछै इहां के समाचार भले

*Foreign Dept., 10th May, 1814, No. 275

है। हजूर की मेहिरवांनगी तैं आवर षत आयौ। सिषापन जांनौ। भैरांपिपरीया वैहड़रा पाइ इकिरारनामा आयौ। छाप करवाई वै को इहां तैंहि कारनामा प छाप करवाई है सो हाजिरहु है। रंही गाव जागा है सो हजूर ही के आइ ताकौ श्री माहाराजधिराज श्री महाराजा श्री राजा छत्रसालजू देव के वषत तैं वा नवाव आली वाहादुर के वषत तैं अर हजूर के वषत लौ विजाउरवारीन को कवजा ये्क वरस ये्क महिना ये्क दिन जौ कवहु रहौ होइ तौ हजूर षूव तरा सैं तहवीकात कर लैवे मैं आवै। हमारे गौरनर आपई है। सिषापन होई सो हमेस फुरमाइवे मैं आवै। इहांते मरजी माफिक होने। पौष वदि १३ सं: १८६९———

(ग)

श्री महाराजकोमार श्री कुवर सोने साहि जू देव ये्ते श्री दौलत राधाक्रात जु पं० श्री सुकल राम कृस्न जु पं० श्री दुवे भारे लाल श्री महाराजकोमार श्री कुवर संम्हरसीवजुदेव के वांचनै। आपर अपने स्माचार भले चाहीजे। ईहा के स्माचार भले है। आपर ईहा चौथ सुदि कौ श्री देवान नासर अलीजु सौ रदवदल भई। अपनौ सिषापनु आयौ तो सो कहयौ अरु अपनी तरफ ते विंती करी सो उनकी मरजी ये्ही भई कै ये गाव नाही रहने है। हम तुम्हारी भलाई चहने है ता कौ ईहा तैं सरकार के मानस आये है सो गावन मैं वैठार दैवी। कुवार सुदि ५ संवत १८६९ मु: वांदा*

१४१

श्री सहिव वाला मुनाकिव श्री साहिव आलीसान श्री मिस्तर जानवाकिव साहिव वहादुर जू ये्ते श्री महाराज कोमार श्री देवान धीरज सिंघ जू देव के वांचनै। आपर आपके स्माचार सदा भले चाहिजै। आपकी मेहरवानगी तैं इहाके स्माचार भले है। आपर ईन दिनन मैं अवस्ता हमारी और है। व्रधापन है। सरकार की तावेदारी मैं पहूच नाही सकत है। तातैं हम सरकार मैं उमेदवार है कै हमतौ कहू तीरथ मौ वैठकै भगवान कौ भजन करैं। जी तरह सनध सरकार तैं हमारे नाउ पुस्त दर पुस्त कौ वगसवे मैं आई है तेहू तरह सनध सरकार तैं कुवर सिरदार सिंघ के नाउ वगसवे मैं आवैं। जी तरा हम तावेदारी मैं हाजिर रहे है तिसी तरह तावेदारी मैं हाजिर सरदार सिंघ रैहै और हकीकत हमारे भले मनुष पं श्री लाला षांडेराई श्री लाला धीर सिंह जाहिर करहै। षत स्माचार महिरवानगी कर लिषवे मैं आवै। वैसाष वदि १३ संवत १८७१ मुकाम लुघासी†

---

*Foreign Dept., 16th May, 1814, No. 296

†Foreign Dept., May, 1814, No. 327

१४२ (क)

श्री साहिववाला मुनाकिव श्री साहिव आलीसान श्री मिस्तर जान वाकिव साहेव वहादुर जू ये ते श्री महाराज कौमार श्री दिवान धीरज सिंघजू देव के वांचनै। आपर आपके स्माचार भले चाहिजै। इहां के स्माचार भले हैं। आपर आप कौ पत आयौ मीहरवांनगी जानी। आप नै लिषी के तुम अपनी सनध की दरपास दई कै सनध सरदार सिंघ के नांउ कर दीजे हम बैठ कै—(यह स्थान मूल में खाली है) कौ भजन करै। ता पर हम गवरनर जरनल वहादुर कौ लिषी हती सो उहा तै हुकुम आयौ कै तुम उन कौ वहुत समझाइयौ। अपनै जेठे लरका के नांउ लिषावै तो वहुत षुसी है। ताकौ जेठे लरकन जैसी षुसी की करी है तैसी आप के दफदर मैं लिषी धरी है सो दरयापत कर लैवी अरु साहव रजीमैन नै कुवरन कौ तीन हूं गांउ तीनहु कुवरन कौ लगाइ दऐ हते नव उन डंडी करी हती सो दफदर मे लिषी धरी है सो दरयापत कर लीवी अरु इन के लिषे करारनामा लिषौ है उ तह दफदर मौ है। सिरदार सिंघ की मुषत्यारी आगे तैं है साहिव के दसकत अरजी पै है सो नकल आप कै है और काम काज सम्हारवे लाइक अपनी तावेदारी लाइक नांही है तातैं अरज सिरदार सिंघ के नाउ करी है। जव मरजी मैं आवै तव इन के नांउ सनध वगसवे मैं आवै। सांउन वदि १४ संवतु १८७१ मुकाम लुघासी———

(ख)

श्री साहिववाला मुनाकिव श्री साहिव आलीसान श्री मिस्तर जान वाकिव साहिव वहादुरजु ये ते श्री महाराजकोमार श्री देवान धीरजसिंघजू देव के वांचनै। आपर आप के स्माचार भले चाहिजै। आप की मेहरवानगी तै इहा के स्माचार भले है। आपर आप कौ पत आयौ मिहरवानगी जानी। ता कौ कुंवर सिरदारसिंघ के उपर आपकी मिहरवानगी भइ। उनके नाम का पत इकरारनामा भेजा। ताकौ इकरारनामा पर कुवर मजकुर की सही मुहर अपने लिषे माफिक करकै भेजा है सो पहुचहै। ता कौ जी तरह आगे सनध हमारे नांउ वगसवे मै आई हती तिसी तरह कुवर सिरदार के नांउ सनध सरकार तै छाप मुहर सै वकसवै तर आवौ। जिस तरह हम तावेदारी मै हाजिर रहे है इसी तरह तावेदारी मै हाजिर वे रहैगें। दुती भादौ वदि ७ संवत १८७१ मुकाम लुघासी———

(ग)

श्री साहिववाला मुनाकिव श्री साहिव आलीसान श्री मिस्तर जांनवाकिव साहिव

वहादुर जु ऐ तें श्री महाराजाकोमांर श्री कुवर सिरदारसिंघ जु देव के वांचनै। आप कौं स्माचार भले चाहिजै। इहां के स्माचार भले हैं। आपकी महिरवानगी तैं आपर आप कौ षत आयौ। महिरवानगी जांनी। कृपा कर इकरारनांमां दसकतन कौं भेजौ सो सही मुहर कर कैं दैं पठवायौ है सो पहुचि है। सा कौ जौ आप की इनांइत महिर-वांनगी हमारे ऊपर भई है तौ जी तरह सनध ठाकुरन कौं आंगै हजुर तै वगसवे तर आई हती तेहू तरह पुस्त दरपुस्त कौं छाप मुहर सैं हजुर तैं सनध हमारे नाउ वगसवे तर आवै। जी तरह तावेदारी हजूर की हमारे ठाकुर करत आऐ है तेहु तरह तावेदारी मै हम हाजिर रैहै। दुती भादौ वदि ७ संवत १८७१ मु: लुघासी———

(घ)

करारनामा लिष दयौ सरकार दौलतमदार अंगरेज
वहादुर कौ सरकार मैं ये ते कुवर पदमसिंघ ने

आपर सरकार दौलतमदार अगरेज वहादुर के अहाली ने हम कौ लुगासी सैं जागीर का मालीक होने कौ जो देवान धीरजसिघ हमारे पिता हम कौ वकसा मरजी किया इस वास्तैं हम करार करतै है औ लिषे देते हैं की हम जो सव सरते औ कौल करार जो कुछ हमारे पिता नैं सरकार मौसूफ के साथ किया है सरतै मजकुर हमारे पिता के कौलकरार के रुह से हमने अपने उपर क्यौं की मालिक जागीर के होने के रुह से असल मे हम पर पहुचता है कवुल किया औ वजा ल्यावैं की और कवहू की मौजे भदेसर संवत १८६९ मैं जुदा कर कै हमारे वडे भाई कुवर पदमसिंघ कौ दिया है। हम कौल वा ईकरार करते है ईस सुरत से की कवहु कुवर पदमसिंघ अपने वडे भाई कौ उस जमीन के तर्सरूफ से हटकैगे नही औ हमेसै कुवर पदमसिंघ कौ मौजे मजकुर के मालिक रहने कौ उन सरतौ पर जो की पहिले औ असल मैं कुवर मजकुर कौ दिया गया है राजी सुकरगुजार रहैगै। ईस वास्तै या इकरारनांमां लिष दिया। तारीष ६ सितंवर सन १८१४ ईसवी मुताविक दुती भादौ वदि ७ संवत १८७१———*

१४३ (क)

श्री साहिववाला मुनाकिव श्री साहिव आलीसान श्री मिस्तर जान वाकिव साहिव वहादुर जू ग्रेतै श्री महाराज कोमार श्री देवान धीरज सिंघ जु देव के वांचनै। आपर आपके स्माचार भले चाहिजै। आपकी मेहरवानगीतैं ईहा के स्माचार भले है। आपर आपकौ षत आयौ मेहरवानगी जानी। ताकौ कुवर सिरदार सिंघ के उपर आपकी मेहरवानगी भई। उनके नाम षत ईकरारनामा भेजा। ताकौ ईकरार-

*Foreign Dept., Sept., 1814, No. 644—51

नामा पर कुवर मजकुर की सही मुहर अपने लिषे माफिक करकै भेजा है सो पहुच्च-है। ताकौ जी तरह आगै सनथ हमारे नांउ वगसवे मै आई हती तिसी तरह कुवर सिरदार के नांउ सनथ सरकारतै छाप मोहर सैं वगसवे तर आवै। जिस तरह हम तावेदारी मै हाजिर रहे है ईसी तरह तावेदारी मैं हाजिर वै रहैगै। दुती भादौ वदि ७ संवतु १८७१ मुकाम लुघासी—

(ख)

